वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला का पुष्प नं. 290

श्री पार्श्वनाथ समवसरण विधान

– रचयित्री –

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि

श्री ज्ञानमती माताजी

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी के
56वें त्याग एवं 74वें जन्मजयंती समारोह
(शरदपूर्णिमा, 26 अक्टूबर 2007) के शुभ अवसर पर प्रकाशित

-प्रकाशक-

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान

जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.

फोन नं.- (01233) 280184, 280236

Website : www.jambudweep.org

E-mail : ravindrajain@jambudweep.org

प्रथम संस्करण	आश्विन शु. पूर्णिमा (शरद पूर्णिमा)	मूल्य
2200 प्रति	26 अक्टूबर 2007	20/-रु.

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान द्वारा संचालित

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला में दिगम्बर जैन आर्षमार्ग का पोषण करने वाले हिन्दी, संस्कृत, प्राकृत, कन्नड़, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं के न्याय, सिद्धान्त, अध्यात्म, भूगोल-खगोल, व्याकरण आदि विषयों पर लघु एवं वृहद् ग्रंथों का मूल एवं अनुवाद सहित प्रकाशन होता है। समय-समय पर धार्मिक लोकोपयोगी लघु पुस्तिकाएं भी प्रकाशित होती रहती हैं।

-: संस्थापिका एवं प्रेरणास्रोत :-

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी

-: मार्गदर्शन :-

प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी

-: निर्देशन :-

धर्मदिवाकर पीठाधीश क्षुल्लकरत्न श्री मोतीसागर जी महाराज

-: सम्पादक :-

कर्मयोगी ब्र. रवीन्द्र कुमार जैन

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

कम्पोजिंग - ज्ञानमती नेटवर्क

जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.

सम्पादकीय

–कर्मयोगी ब्र.रवीन्द्र कुमार जैन

Our Sacred Books are our light houses erected in the great Sea of time.

''अर्थात् सद्पुस्तकें वह प्रकाशगृह हैं, जो समय के विशाल समुद्र में खड़ी की गई हैं।'' आत्मोन्नति के मार्ग में सुसाहित्य का एक महत्वपूर्ण स्थान है। वास्तव में यदि शास्त्र नहीं होते, तो हम आत्मा का अस्तित्व नहीं जान पाते और बिना कर्मसिद्धान्त को समझे चतुर्गतिरूप संसार से अनभिज्ञ ही रहते। शास्त्र तो मानो साक्षात् केवली का स्वरूप हैं। इन्हें पढ़कर हम अपने वर्तमान, भूत, भविष्य को जान रहे हैं और मात्र जान ही नहीं रहे हैं अपितु हेयोपादेय का निर्णय भी कर रहे हैं।

सद्गुरु सर्वत्र उपलब्ध नहीं होते हैं परन्तु सत्साहित्य (शास्त्र) प्रत्येक मंदिर, साहित्य सदन एवं स्वाध्याय भवन में उपलब्ध हो जाता है। सत्साहित्य का उपयोग तभी होता है जब साधक उसका अध्ययन करके उनमें अपना प्रतिबिम्ब देखता है।

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी ने बीसवीं शताब्दी में साहित्यिक क्षेत्र में अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। पूज्य माताजी की कलम से एक-दो नहीं बल्कि पच्चीस-तीस वृहत् एवं अनेकों लघु विधानों की रचना हुई है जिनकी आज सम्पूर्ण भारत में धूम मची हुई है इसी श्रृँखला में भगवान पार्श्वनाथ के 1008 मंत्रों से संयुत यह विधान है। प्रस्तुत विधान को करके आप सभी श्रावकगण अपने मनोरथों की सिद्धि करें, यही मेरी मंगल कामना है।

प्रस्तावना

–ब्र. कु. इन्दु जैन (संघस्थ)

आचार्यश्री कुन्दकुन्ददेव ने श्रावकों के षट् आवश्यक कर्तव्यों के बारे में बताते हुए 'दाणं पूजा मुक्खो' दान और पूजा को मुख्य कहा है।

वस्तुतः भक्तिमार्ग में प्रवृत्त प्रत्येक प्राणी निवृत्ति की साधना करता हुआ अपनी चैतन्य स्वरूपी आत्मा को उज्ज्वल कर परमात्म पद की प्राप्ति कर सकता है। श्रावक चूँकि सावद्य से पूर्णरूपेण निवृत्त नहीं हो सकता है अतः वह षट् आवश्यक कर्तव्यों का परिपालन करते हुए आंशिकरूप से अपने पाप कर्मों की निर्जरा करता है। इन षट्आवश्यक कर्तव्यों में देवपूजा के अन्तर्गत परमपूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की साहित्यिक लेखनी द्वारा रचित अनेकों वृहद् एवं लघु विधानों का आयोजन कर भक्तगण मनोवांछित कार्य की सिद्धि के साथ आत्मा में विशेष विशुद्धि उत्पन्न कर पुण्यसंचय भी करते हैं। आज भौतिक चकाचौंध में फंसा हुआ प्राणी आत्मशांति एवं कार्यसिद्धि हेतु नाना प्रकार से मिथ्यात्व की शरण लेता है लेकिन जब सद्गुरुओं का समागम एवं सम्बोधन प्राप्त होता है तब सज्ज्ञान को प्राप्त कर इन महाविधानों का आयोजन कर अपूर्व आत्मिक शांति के अनुभव के साथ-साथ मनवांछित फल की भी प्राप्ति करता है। वास्तव में आगमविधि से किया गया लघु विधान भी विशेष चमत्कारिक फल को प्रदान कर देता है। अतिशायि फल को प्रदान करने वाले अनेकों लघु एवं वृहद् विधानों की श्रृँखला में पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा भगवान पार्श्वनाथ के श्रीचरणों में समर्पित है 1008 मंत्रों से समन्वित यह ''श्री पार्श्वनाथ समवसरण विधान''।

क्षमा के अवतार भगवान पार्श्वनाथ का जन्म वाराणसी नगरी में हुआ। अयोध्या के राजा जयसेन द्वारा भेजे गए दूत से अयोध्या का वर्णन सुनते-सुनते उन्हें वैराग्य हो गया और बालब्रह्मचारी उन प्रभुवर ने पौष कृष्णा एकादशी तिथि में 'सिद्धं नमः' कहकर दीक्षा धारणकर ली। तब दशभव पूर्व के वैरी कमठ के जीव ने संवर देव की पर्याय में उनके ऊपर अकारणिक घोर उपसर्ग किया और सदैव क्षमा की मूर्ति रहे भगवान पार्श्वनाथ ने उन उपसर्गों को सहन कर अपनी आत्मा को ऊर्ध्वगामी बना लिया। धरणेन्द्र और पद्मावती ने भी अपने उपकार का बदला चुकाते हुए प्रभु को मस्तक पर धारण कर ऊपर से फण का छत्र लगा लिया और भगवान पार्श्वनाथ ने ध्यानमग्न हो चार घातिया कर्मों का नाश कर

दिव्य केवलज्ञान को प्राप्त किया। जिस स्थल पर भगवान को केवलज्ञान हुआ वह स्थल कहलाया 'अहिच्छत्र'। भगवान को केवलज्ञान की प्राप्ति होते ही इन्द्र की आज्ञा से कुबेर ने आकर समवसरण की रचना कर दी और भगवान उसमें चार हाथ अधर विराजमान हो गये और भव्यों को दिव्य उपदेश का पान कराया। उस समवसरण की ऐसी महिमा है, कहा है-

योजन शत इक में सुभिख, गगन-गमन मुख चार।
नहिं अदया उपसर्ग नहिं, नाहीं कवलाहार।।
सब विद्या ईश्वरपनो, नाहिं बढ़ें नख-केश।
अनिमिष दृग छाया रहित, दस केवल के वेष।।

उस समवसरण में आकर संवर जैसे अभिमानी देव का भी मान गलित हो गया और उसने भी सम्यक्त्व को ग्रहण कर लिया। भगवान को निर्वाण पद की प्राप्ति सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्र से हुई थी। क्षमासहिष्णु उन प्रभुवर को आज विघ्नहरण, संकटहर्ता आदि अनेक नामों से जाना जाता है। वस्तुतः ऐसे महामना प्रभुवर की पूजा, भक्ति से अनेक मनोरथों की सिद्धि हो जाए तो कोई अतिशयोक्ति वाली बात नहीं है, भक्ति में निकले हुए शब्द तो असाध्य रोगों व अकालमृत्यु को टालने में भी सक्षम होते हैं।

पूज्य माताजी द्वारा रचित इस विधान में सर्वप्रथम पार्श्वनाथ वंदना है जिसमें पार्श्वनाथ भगवान के पंचकल्याणक की तिथियाँ, माता-पिता, जन्मनगरी, शरीर की अवगाहना, वर्ण, आयु आदि का वर्णन है। समवसरण पूजन के पश्चात् मानस्तंभ के चार अर्घ्य, समवसरण की आठों भूमियों के अर्घ्य, तीनों कटनियों के अर्घ्य, तीर्थंकर भगवान के 46 गुणों (जन्म के 10 अतिशय, केवलज्ञान के 10 अतिशय और देवकृत 14 अतिशय) को अर्घ्य के माध्यम से बताया है। पुनः आठ प्रातिहार्य, चार अनंत चतुष्टय आदि के वर्णन के साथ समवसरण में विराजमान गणधर, मुनि, आर्यिका आदि के अर्घ्य व पंचकल्याणक के भी अर्घ्य हैं। इन सभी अर्घ्यों के पश्चात् भगवान के 1008 नामों के 1008 अर्घ्य हैं। इस प्रकार इसमें कुल 1096 अर्घ्य और 18 पूर्णार्घ्य हैं।

जयमाला में तो समवसरण का विस्तृत वर्णन समवसरण की जानकारी हमें सहज ही प्राप्त करा देता है। गागर में सागर के समान ऐसे अनुपमेय विधान को करके आप सब मनवांछित फल की प्राप्ति के साथ प्रभु भक्ति के द्वारा अपनी आत्मा को पवित्र बनावें, यही शुभेच्छा है।

पूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि
श्री ज्ञानमती माताजी का संक्षिप्त-परिचय

-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

जन्मस्थान : टिकैतनगर (बाराबंकी) उ.प्र.
जन्मतिथि : आसोज सुदी 15 (शरदपूर्णिमा)
वि. सं. 1991 (22 अक्टूबर सन् 1934)
गृहस्थ का नाम : कु. मैना
माता-पिता : श्रीमती मोहिनी देवी एवं श्री छोटेलाल जैन
आजन्म ब्रह्मचर्य व्रत एवं गृहत्याग : ई. सन् 1952 में बाराबंकी में शरदपूर्णिमा के दिन आचार्यरत्न श्री देशभूषण जी महाराज से।
क्षुल्लिका दीक्षा : चैत्र कृ. 1, ई. सन् 1953 को महावीरजी अतिशय क्षेत्र (राज.) में
आर्यिका दीक्षा : वैशाख कृ. 2, ई. सन् 1956 को माधोराजपुरा (राज.) में चारित्रचक्रवर्ती 108 आचार्यश्री शांतिसागर जी की परम्परा के प्रथम पट्टाधीश आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज के करकमलों से।

साहित्यिक कृतित्व : अष्टसहस्री, समयसार, नियमसार, मूलाचार, कातंत्र-व्याकरण, षट्खण्डागम आदि ग्रंथों के अनुवाद/टीकाएं एवं 250 विशिष्ट ग्रंथों की लेखिका। सन् 1995 में अवध वि.वि. (फैजाबाद) द्वारा "डी.लिट्." की मानद उपाधि से विभूषित।

तीर्थ निर्माण प्रेरणा : हस्तिनापुर में जंबूद्वीप तीर्थ का निर्माण, शाश्वत तीर्थ अयोध्या का विकास एवं जीर्णोद्धार, प्रयाग-इलाहाबाद (उ.प्र.) में तीर्थंकर ऋषभदेव दीक्षा तीर्थ का निर्माण, तीर्थंकर जन्मभूमियों का विकास, भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालंदाबिहार) में 'नंद्यावर्त महल' नामक तीर्थ निर्माण,मांगीतुंगी मेंनिर्माणाधीन 108 फुट उत्तुंग भगवान ऋषभदेव की विशाल प्रतिमा।

महोत्सव प्रेरणा : पंचवर्षीय जम्बूद्वीप महामहोत्सव, भगवान ऋषभदेव अंतर्राष्ट्रीय निर्वाण महामहोत्सव, अयोध्या में भगवान ऋषभदेव महाकुंभ मस्तकाभिषेक, वुण्डलपुर महोत्सव, भगवान पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक तृतीय सहस्राब्दि महोत्सव ।

शैक्षणिक प्रेरणा : 'जैन गणित और त्रिलोक विज्ञान' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन, इतिहासकार सम्मेलन, न्यायाधीश सम्मेलन एवं अन्य अनेक राष्ट्रिय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार आदि।

रथ प्रवर्तन प्रेरणा : जम्बूद्वीप ज्ञानज्योति (1982 से 1985), समवसरण श्रीविहार (1998 से 2002), महावीर ज्योति (2003-2004) का भारत भ्रमण।

इस प्रकार नित्य नूतन भावनाओं की जननी पूज्य माताजी चिरकाल तक इस वसुधा को सुशोभित करती रहें, यही मंगल कामना है।

प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव जीवन दर्शन

–पीठाधीश क्षुल्लक मोतीसागर

आज से करोड़ों वर्ष पूर्व प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का जन्म भारतवर्ष के उत्तरप्रदेश की अयोध्यानगरी के महाराजा नाभिराय की महारानी मरुदेवी की पवित्र कुक्षि से चैत्र कृष्णा नवमी को हुआ। क्षत्रियवर्णी, काश्यपगोत्रीय, इक्ष्वाकुवंशी, तप्त स्वर्ण सदृश, बैल चिन्ह से युक्त उन तीर्थंकर भगवान के शरीर की अवगाहना दो हजार हाथ एवं आयु चौरासी लाख पूर्व वर्ष की थी। भगवान ऋषभदेव ने कर्मभूमि के आदि में प्रजा को असि, मसि आदि षट्क्रियाओं द्वारा जीवन जीने की कला सिखाई थी सम्पूर्ण विद्याओं और कलाओं के जनक भगवान ऋषभदेव ने चैत्र कृष्णा नवमी की शुभ तिथि में प्रयाग में वटवृक्ष के नीचे जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण कर घोर तपश्चरण किया पुनः मुनिपरम्परा को जीवन्त करने हेतु आहारार्थ निकले। 1 वर्ष 39 दिन के पश्चात् उनका प्रथम आहार हस्तिनापुर के राजा श्रेयांस के यहाँ इक्षुरस का हुआ। प्रयाग के पुरिमतालपुर उद्यान में वटवृक्ष के नीचे फाल्गुन कृष्णा ग्यारस को उन्हें दिव्यकेवलज्ञान की प्राप्ति हुई, उनके समवसरण में श्रीवृषभसेन आदि 84 गणधर, 84 हजार मुनि, गणिनी ब्राह्मी आर्यिका सहित 350000 आर्यिकाएं, 3 लाख श्रावक, 5 लाख श्राविकाएँ थे। उनके जिनशासन यक्ष गोमुख देव एवं यक्षी चक्रेश्वरी देवी हैं। आयु के अंत में उन्होंने माघ कृष्णाचौदस को कैलाशपर्वत से मोक्ष प्राप्त किया।

चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का जीवन दर्शन

वर्तमान से 2605 वर्ष पूर्व चौबीसवें एवं अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म भारतवर्ष के बिहार प्रांत में कुण्डलपुर (जि.-नालंदा) नगरी में महाराजा सिद्धार्थ की महारानी त्रिशला की पवित्र कुक्षि से चैत्र शुक्ला त्रयोदशी की पवित्र तिथि में हुआ। क्षत्रियवर्णी, काश्यपगोत्रीय, नाथवंशी, तप्त स्वर्ण सदृश, सिंह चिन्ह से युक्त उन तीर्थंकर भगवान के शरीर की अवगाहना सात हाथ एवं आयु 72 वर्ष की थी। 30 वर्ष की उम्र में अखण्ड ब्रह्मचर्यव्रत का पालन करने वाले भगवान महावीर ने षण्डवन में सालवृक्ष के नीचे मगशिर कृष्णा दशमी तिथि में दीक्षा ग्रहण की। उनका प्रथम आहार कूल ग्राम के राजा वकुल (अपर नाम कूल) के द्वारा खीर का हुआ तथा विशेष आहार कौशाम्बी में महासती चंदना द्वारा खीर का हुआ। भगवान महावीर को दिव्य केवलज्ञान की प्राप्ति ज्ञातृषण्डवन में वैशाख शुक्ल दशमी को ऋजुकूला नदी के तट पर हुई, उनके समवसरण में श्री इन्द्रभूति आदि 11 गणधर, 14 हजार मुनि, गणिनी आर्यिका चन्दना सहित छत्तीस हजार आर्यिकाएँ, 1 लाख श्रावक व 3 लाख श्राविकाएं थीं। उनकी दिव्यध्वनि श्रावण कृष्णा एकम को खिरी और कार्तिक कृष्णा अमावस्या को अज से 2532 वर्ष पूर्व बिहार प्रान्त स्थित पावापुरी से मोक्ष पद प्राप्त किया। भगवान महावीर के वीर, वर्द्धमान, महावीर, सन्मति, अतिवीर ये पाँच नाम प्रसिद्ध हैं।

पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा उत्तरपुराण के आधार से प्रस्तुत भगवान पार्श्वनाथ के इस प्रामाणिक जीवन दर्शन को शिलालेखों पर उत्कीर्ण करवाकर तीर्थों एवं मंदिरों में लगवायें।

तेइसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जीवन दर्शन

-गणिनी ज्ञानमती

जन्मभूमि	**–वाराणसी (उत्तर प्रदेश)**		
पिता	–महाराजा अश्वसेन	**माता**	–महारानी वामादेवी (ब्राह्मी)
वर्ण	–क्षत्रिय	**वंश**	–उग्रवंश
देहवर्ण	–मरकतमणि सदृश (हरा)	**चिन्ह**	–सर्प
आयु	–सौ वर्ष	**अवगाहना**	–नौ हाथ
गर्भ	–वैशाख कृ. 2	**जन्म**	–पौष कृ. 11
तप	–पौष कृ. 11		
दीक्षा वन एवं वृक्ष	–अश्ववन एवं देवदारूवृक्ष		
प्रथम आहार	–गुल्मखेट नगर के राजा धन्य द्वारा (खीर)		
केवलज्ञान स्थल	–अहिच्छत्र	**केवलज्ञान**	–चैत्र कृ. 4 (14)
मोक्ष	–श्रावण शु. 7	**मोक्षस्थल**	–सम्मेद शिखर पर्वत
समवसरण में गणधर	–श्री स्वयंभू आदि 10	**मुनि**	–सोलह हजार
गणिनी	–आर्यिका सुलोचना	**आर्यिका**	–छत्तीस हजार
श्रावक	–एक लाख	**श्राविका**	–तीन लाख
जिनशासन यक्ष	–धरणेन्द्र देव	**यक्षी**	–पद्मावती देवी

भगवान पार्श्वनाथ वर्तमान वीर नि.सं. 2533 से 2783 वर्ष पहले मोक्ष गए हैं।

अर्घ्य-आओ बच्चों तुम्हें दिखाएँ.....

आओ हम सब करें अर्चना, पार्श्वनाथ भगवान की।
जिनकी भक्ती से प्रगटित हो, ज्योती आतमज्ञान की।।वंदे जिनवरम्-4।।
जलगंधादिक अर्घ्य सजाकर, जिनवर चरण चढ़ा करके।
रत्नत्रय युत 'ज्ञानमती' कर, बसूँ मोक्ष में जा करके।।
इसी हेतु त्रिभुवन जनता भी, भक्ति करे भगवान की।
जिनकी भक्ती से प्रगटित हो, ज्योती आतमज्ञान की।।वंदे जिनवरम्-4।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथतीर्थंकराय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान-संक्षिप्त परिचय

–पीठाधीश क्षुल्लक मोतीसागर

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान की स्थापना पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से सन् 1972 में राजधानी दिल्ली में हुई थी। संस्थान का मुख्य कार्यालय सन् 1974 में हस्तिनापुर में प्रारंभ हुआ। इस संस्थान के अन्तर्गत अनेक गतिविधियाँ हस्तिनापुर में तथा अन्यत्र चल रही हैं–

1. सन् 1972 से वीर ज्ञानोदय ग्रंथमाला के अन्तर्गत लाखों ग्रंथ प्रकाशित हो रहे।हैं

2. सन् 1974 से इस संस्थान के मुखपत्र के रूप में 'सम्यग्ज्ञान' हिन्दी मासिक पत्रिका का निरंतर प्रकाशन हो रहा है।

3. सन् 1974 से 1985 तक हस्तिनापुर में जम्बूद्वीप रचना का निर्माण कार्य हुआ।

4. सन् 1974 से अब तक जम्बूद्वीप रचना के अतिरिक्त अनेक जिनमंदिरों का निर्माण हुआ है– कमल मंदिर, तीन मूर्ति मंदिर, ध्यान मंदिर, शांतिनाथ मंदिर, वासुपूज्य मंदिर, ॐ मंदिर, सहस्रकूट मंदिर, विद्यमान बीस तीर्थंकर मंदिर, आदिनाथ मंदिर, अष्टापद मंदिर, ऋषभदेव कीर्तिस्तंभ एवं स्वर्णिम तेरहद्वीप जिनालय।

5. जम्बूद्वीप पुस्तकालय जिसमें लगभग 15000 ग्रंथ संग्रहीत हैं।

6. णमोकार महामंत्र बैंक जिसमें भक्तों द्वारा लिखकर भेजे गये णमोकार मंत्र जमा किये जाते हैं।

7. समय-समय पर शिक्षण-प्रशिक्षण शिविरों तथा संगोष्ठियों के आयोजन किये जाते हैं।

8. यात्रियों के शुद्ध भोजन के लिए राजा श्रेयांस भोजनालय का संचालन।

9. यात्रियों के ठहरने के लिए डीलक्स फ्लैट्स वाली कई धर्मशालाओं तथा कोठियों एवं बंगलों का निर्माण किया गया है।

10. जम्बूद्वीप परिक्रमा के लिए नौका विहार, ऐरावत हाथी, मिनी ट्रेन, झूलें आदि हैं।

11. ज्ञानमती कला मंदिरम् में हस्तिनापुर के प्राचीन इतिहास से संबंधित झाँकियाँ हैं।

दिल्ली, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हरिद्वार, झाँसी, तिजारा आदि से जम्बूद्वीप स्थल तक आने के लिए दिनभर बसें मिलती रहती हैं।

दि. जैन त्रिलोक शोध संस्थान के अन्तर्गत भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालंदा) बिहार में भव्य नंद्यावर्त महल तीर्थ तथा प्रयाग-इलाहाबाद (उ.प्र.) में निर्मित भगवान ऋषभदेव दीक्षा तीर्थ का भी संचालन होता है।

जम्बूद्वीप एवं अन्य तीर्थों के दर्शन हेतु कम से कम एक बार अवश्य पधारें।

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला के शिरोमणि संरक्षक

1. श्रीमती निर्मला जैन ध.प. श्री प्रेमचन्द्र जैन, तत्पुत्र प्रदीप कुमार जैन, खारी बावली, दिल्ली-6।
2. श्रीमती सुमन जैन ध.प. श्री दिग्विजय सिंह जैन, इंदौर।
3. श्री महावीर प्रसाद जैन संघपति, जी 19, साऊथ एक्सटेन्शन, नई दिल्ली।
4. श्री महेन्द्र पाल हरेन्द्र कुमार जैन, सूरजमल विहार, दिल्ली।
5. श्रीमती मोहनी जैन ध.प. श्री सुनील जैन, प्रीत विहार, दिल्ली।
6. श्री देवेन्द्र कुमार जैन (धारूहेड़ा वाले) गुड़गाँव (हरि.)।
7. श्रीमती शारदा रानी जैन ध.प. स्व. रिखबचंद जैन, बाहुबली एन्क्लेव, दिल्ली-92।
8. डॉ. देवेन्द्र कुमार जैन, भोपाल (म.प्र.)
9. श्रीमती संगीता जैन ध.प. श्री संजीव कुमार जैन, शेरकोट (बिजनौर) उ.प्र.
10. श्री अनिल कुमार जैन, दरियागंज, दिल्ली

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला के परम संरक्षक

1. श्री माँगीलाल बाबूलाल पहाड़े, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)।
2. डॉ. प्रकाशचन्द्र जैन, 792 विवेकानंदपुरी, सिविल लाइन, सीतापुर (उ.प्र.)।
3. श्री सुमत प्रकाश जैन, गज्जू कटरा, शाहदरा, दिल्ली।
4. श्री सुनील कुमार जैन, द्वारा-सुनील टैक्सटाईल्स, सरधना (मेरठ) उ.प्र.।
5. श्री प्रकाश चंद अमोलक चंद जैन सर्राफ, सनावद (म.प्र.)।
6. श्री प्रद्युम्न कुमार जवेरी, रोकड़ियालेन, बोरीवली (वेस्ट) मुंबई।
7. श्रीमती उर्मिला देवी ध.प. श्री कान्ती प्रसाद जैन, ऋषभ विहार, दिल्ली।
8. श्रीमती उषा जैन ध.प. श्री विमल प्रसाद जैन, ऋषभ विहार, दिल्ली।
9. श्री आनन्द प्रकाश जैन (सौरम वाले) , गांधीनगर, दिल्ली।
10. श्रीमती सरिता जैन ध.प. श्री राजकुमार जैन, किदवई नगर, कानपुर।
11. स्व. श्रीमती कैलाशवती ध.प. श्री कैलाश चन्द्र जैन , तोपखाना बाजार, मेरठ।
12. श्री भानेन्द्र कुमार जैन, द्वारा-श्री विद्या जैन, भगत सिंह मार्ग, जयपुर।
13. श्री प्रदीप कुमार शान्तिलाल बिलाला, अनूपनगर, इंदौर, (म.प्र.)।
14. श्री सुरेशचंद पवन कुमार जैन, बाराबंकी (उ.प्र.)।
15. श्री नथमल पारसमल जैन, कलकत्ता-7।
16. श्रीमती स्व. शांताबाई ध.प. श्री कमलचंद जैन, सनावद (म.प्र.)।
17. श्री रूपचंद जैन कटारिया, दिल्ली

भगवान पार्श्वनाथ की जन्म, केवलज्ञान एवं निर्वाणभूमि का परिचय

लेखिका-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती

काशी और वाराणसी नाम से प्रख्यात बनारस नगरी कर्मभूमि के प्रारंभ में ही इन्द्र के द्वारा बसाई गई थी। यहाँ सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ तथा तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के (जन्म तथा उन दोनों के क्रमशः) चार एवं तीन कल्याणक हुए हैं। जब वहाँ के महाराजा सुप्रतिष्ठ अपनी 'पृथ्वीषेणा' नामक महारानी के साथ राज्य कर रहे थे तब सुपार्श्वनाथ के गर्भ में आने के छह माह पूर्व से लेकर जन्म होने तक कुबेर ने लगातार पन्द्रह माह तक रानी ''पृथ्वीषेणा'' के महल में रत्नों की वर्षा की थी। वे भादों सुदी षष्ठी तिथि को माता के गर्भ में आए तथा ज्येष्ठ शुक्ला द्वादशी के दिन विशाखा नक्षत्र में उनका जन्म हुआ। पुनः जन्मतिथि में उन्होंने दीक्षा धारण की एवं फाल्गुन कृ. षष्ठी में उन्हें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ था। सम्मेदशिखर पर्वत से भगवान सुपार्श्वनाथ ने फाल्गुन कृ. सप्तमी को निर्वाण प्राप्त किया था। इनके शरीर की ऊँचाई 9 हाथ थी, वर्ण हरा था।

इसके पश्चात् भगवान पार्श्वनाथ के संबंध में वर्णन है कि–

भगवान पार्श्वनाथ वाराणसी नगरी में पिता अश्वसेन और माता वम्मिला (वामा) से पौष कृष्णा एकादशी के दिन उत्पन्न हुए। उत्तर पुराण में इनकी माता का नाम ब्राह्मी भी आया है। तीर्थंकर पार्श्वकुमार ने विवाह नहीं किया था, तीस वर्ष की अवस्था में एक दिन राजसभा में अयोध्यानरेश जयसेन के दूत द्वारा भगवान ऋषभदेव का चरित्र सुनते-सुनते उन्हें वैराग्य हो गया था तब उन्होंने अश्ववन में जाकर जैनेश्वरी दीक्षा धारण कर ली। उन्होंने पौष कृ. 11 तिथि को दीक्षा ली एवं शंबर नामक ज्योतिषी देव (कमठ नामक पूर्व भव का वैरी) के दारुण उपसर्गों को सहनकर चैत्र कृ. चतुर्थी[1] तिथि को अहिच्छत्र में केवलज्ञान प्राप्त किया तथा श्रावण शुक्ला सप्तमी के दिन सम्मेदशिखर पर्वत से मोक्षधाम को पधारे हैं। उनके बाद सम्मेदशिखर पर्वत से किसी भी तीर्थंकर ने मोक्ष की प्राप्ति नहीं की है अतःवह पर्वत वर्तमान में ''पारसनाथ हिल'' के नाम से जाना जाता है।

वर्तमान में बनारस नगरी हिन्दुओं के तीर्थधाम से अधिक प्रसिद्धि को प्राप्त है किन्तु प्राचीन इतिहास देखने पर ज्ञात होता है कि जिनधर्म की प्रभावना के अनेक कथानक यहाँ से जुड़े हुए हैं। सर्वप्रथम काशीनरेश अकम्पन ने अपनी पुत्री ''सुलोचना'' का स्वयंवर रचकर इस धरती पर स्वयंवर प्रथा प्रारंभ की थी। हस्तिनापुर के

राजकुमार तथा सम्राट् भरत के प्रमुख सेनापति जयकुमार के गले में वरमाला डालकर सुलोचना ने कन्याओं को कुल परंपरा का ध्यान रखते हुए स्वाधीनता-पूर्वक अपना पति चुनने का इतिहास बनाकर कन्याओं की महत्ता प्रदर्शित की थी।

एक अन्य पौराणिक उल्लेख के अनुसार भगवान मल्लिनाथ के तीर्थ में नौंवे चक्रवर्ती ''पद्म'' का जन्म बनारस में हुआ था। तब उन्होंने चक्ररत्न के द्वारा छह खंड को जीतकर बनारस को ही अपनी राजधानी बनाया था।

इसके पश्चात् यहाँ इतिहास की सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटना घटी थी, वह थी समंतभद्र की। कथानक आता है कि समंतभद्र जी को मुनि अवस्था में भस्मक व्याधि हो गई थी जिसकी उपशांति के लिए उन्होंने गुरु आज्ञा से मुनिवेष का परित्याग कर दक्षिण भारत से उत्तर की बनारस नगरी में आकर एक शिवमंदिर में शिवजी की प्रतिमा को साक्षात् नैवेद्य खिलाने की बात कही थी। उस समय वाराणसी के राजा शिवकोटि थे। उन्हें एक बार मंदिर के पुजारियों से ज्ञात हुआ कि समंतभद्र महादेव जी के भोग का सारा नैवेद्य स्वयं खाते हैं। तब राजा को बड़ा क्रोध आया और उन्होंने समन्तभद्र से शिवपिण्डी के समक्ष गलती स्वीकार करके नमस्कार करने को कहा। समन्तभद्र की भस्मक व्याधि तब तक शान्त हो चुकी थी, उन्होंने भावपूर्वक चौबीसों तीर्थंकर की स्तुति रचना करके उसे पढ़ना शुरू कर दिया। जब वे भगवान चन्द्रप्रभु की स्तुति पढ़ रहे थे तभी शिवपिण्डी फट गई और चन्द्रप्रभ की प्रतिमा उसमें से प्रगट हो गई। यह चमत्कार देखकर राजा शिवकोटि भी उनके अनुयायी बन गए। समन्तभद्र ने पुनः मुनिदीक्षा लेकर स्व-पर कल्याण किया।

हिन्दी के प्रसिद्ध कवि बनारसीदास भी यात्रा के निमित्त काशी में आए थे। उनके लिखे हुए अर्द्धकथानक नामक आत्मचरित ग्रंथ से पता चलता है कि वे व्यापार आदि के सिलसिले में वाराणसी कई बार आते थे।

बनारस के स्थानीय भारत-कला भवन में पुरातत्त्व संबंधी बहुमूल्य सामग्री संग्रहीत है। यहाँ राजघाट तथा अन्य स्थानों पर खुदाई में जो पुरातत्त्व सामग्री उपलब्ध हुई थी, वह इस कला भवन में सुरक्षित है। यह सामग्री विभिन्न युगों से संबंधित है। इसमें पाषाण और धातु की अनेक जैन प्रतिमाएं भी हैं ये कुषाण काल से लेकर मध्यकाल तक की हैं।

बनारस में 'भदैनी जैन घाट' नाम से एक स्थान है जो भगवान सुपार्श्वनाथ का जन्मस्थान माना जाता है। यहाँ आजकल स्याद्वाद महाविद्यालय नामक प्रसिद्ध शिक्षण संस्था है। इस भवन के ऊपर भगवान सुपार्श्वनाथ का मंदिर है। यह गंगा तट पर अवस्थित है, दृश्य अत्यंत सुन्दर है। मंदिर छोटा ही है किन्तु शिखरबद्ध है।

भगवान पार्श्वनाथ का जन्मस्थल वर्तमान के भेलूपुर मोहल्ले को माना जाता

है। उनके जन्मस्थान पर बहुत विशाल सुन्दर मंदिर बना हुआ है। उसी कम्पाउन्ड के भीतर धर्मशाला भी बनी हुई है। जिसमें सभी दिगम्बर जैन बंधुओं के ठहरने की समुचित व्यवस्था है। भेलूपुर में एक और दिगम्बर जैन मंदिर भी है उसमें मूलनायक पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा है।

हिन्दुओं की मान्यतानुसार अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, काशी, अवन्ति, उज्जयिनी और द्वारका ये सात महापुरियाँ हैं इनमें काशी मुख्य मानी गई है। ''काश्यां हि मरणान्मुक्तिः'' यह हिन्दू शास्त्रों का वाक्य है।

बनारस सहस्रों वर्षों से विद्या का केन्द्र रहा है। यहाँ भारतीय वाङ्मय-दर्शन और साहित्य के अध्ययन-अध्यापन की प्राचीन परम्परा आज तक सुरक्षित है।

दिल्ली से कुण्डलपुर (नालंदा) की ओर संघ के मंगल विहार के मध्य पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी का 19 नवंबर 2002 को बनारस में पदार्पण हुआ। वहाँ लगभग 1 सप्ताह प्रवास के मध्य ''बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय'' में प्रथम बार जैन साधुओं के मंगल प्रवचन का कार्यक्रम भी हुआ। जिसमें बी.एच.यू. तथा डा. सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपतियों सहित अनेक वरिष्ठ प्रवक्ताओं ने पूज्य माताजी की संस्कृत भाषाजनित प्रतिभाशक्ति का कोटिशः अभिनंदन किया तथा अपने विश्वविद्यालयों में दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान-जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर द्वारा प्रदत्त साहित्य को ससम्मान विराजमान किया।

तीर्थंकरद्वय की उस पावन जन्मभूमि वाराणसी तीर्थ को शत-शत नमन।

भगवान पार्श्वनाथ की केवलज्ञान भूमि अहिच्छत्र तीर्थ –

अहिच्छत्र उत्तरप्रदेश के बरेली जिले की आँवला तहसील में स्थित है जो आजकल रामनगर का एक भाग है, इसे प्राचीनकाल में संख्यावती नगरी कहा जाता था। तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ की केवलज्ञान कल्याणक भूमि अहिच्छत्र के बारे में आचार्य जिनप्रभू सूरि विरचित 'विविध तीर्थकल्प' के अहिच्छत्र कल्प में लिखा है कि''संख्यावती नगरी में भगवान पार्श्वनाथ कायोत्सर्ग मुद्रा में ध्यानारूढ़ थे। पूर्व निबद्ध वैर केकारण असुर कमठ ने उन पर नाना प्रकार के उपसर्ग किये तब नागकुमार देवों के इन्द्र धरणेन्द्र और पद्मावती भगवान द्वारा विगत जन्म में किये गये उपकार का स्मरण कर वहाँ आये और भगवान के ऊपर सहस्र फण फैलाकर उपसर्ग निवारण किया।'' यह वही धरणेन्द्र और पद्मावती थे जिन्हें तापसी नाना महीपाल के द्वारा पंचाग्नि तप हेतु लकड़ी चीरते देखकर भगवान पार्श्वनाथ ने उसमें स्थित नाग-नागिन को जानकर उन्हें न मारने की बात कही थी किन्तु तापसी द्वारा क्रोधावेश में लकड़ी काटते ही भीतर रहने वाले सर्प-सर्पिणी के दो टुकड़े हो गए तब परम करुणाशील पार्श्वप्रभु ने असह्य वेदना में तड़पते हुए उन सर्प-सर्पिणी को णमोकार मंत्र सुनाया और मंत्र के फलस्वरूप शांत भाव से मरकर वे ही धरणेन्द्र-पद्मावती हुए।

जैनेश्वरी दीक्षा लेने के पश्चात् जब भगवान पार्श्वनाथ घोर उपसर्ग में लीन थे तब इन धरणेन्द्र-पद्मावती के द्वारा उपसर्ग दूर करते ही उनको केवलज्ञान उत्पन्न हो गया, वह तिथि चैत्र कृष्णा चतुर्थी थी (उत्तर पुराण के अनुसार यह तिथि चैत्र कृष्णा चतुर्दशी है), तब इन्द्रों और देवों ने आकर भगवान के केवलज्ञान कल्याणक की पूजा की। इधर वह संवर देव भी प्रभु के चरणों में गिर पड़ा और भगवान से बार-बार क्षमायाचना करने लगा, पश्चात् इन्द्र की आज्ञा से धनकुबेर ने समवसरण की रचना कर दी और प्रभु का प्रथम जगत कल्याणकारी उपदेश वहाँ पर हुआ। नागेन्द्र द्वारा भगवान के ऊपर छत्र लगाया गया था, इस कारण इस स्थान का नाम संख्यावती के स्थान पर अहिच्छत्र हो गया।

ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व –

क्षेत्र पर एक प्राचीन शिखरबंद मंदिर है उसमें पार्श्वनाथ भगवान की तिखाल वाले बाबा की मूर्ति है। वह प्रतिमा किसी अदृश्य शक्ति द्वारा बनाई गई तथा मनोकामनापूरक बताई जाती है। पार्श्वनाथ संबंधी घटना का एक सांस्कृतिक महत्त्व भी है जिसने जैन मूर्तिकला को प्रभावित किया है, वह है पार्श्वनाथ भगवान की मूर्ति पर सर्पफण का होना तथा धरणेन्द्र-पद्मावती का उनके भक्त यक्ष-यक्षिणी के रूप में विशेष उल्लिखित करना। क्षेत्र से 2 किमी. दूर एक प्राचीन किला है जो महाभारतकालीन कहा जाता है। किले के निकट ही कटारीखेड़ा नामक टीले से प्राचीन भग्न स्तंभ मिला है जिसे मानस्तंभ कहते हैं। प्राचीन शिखरबंद मंदिर में मूलनायक तिखाल वाले बाबा की प्रतिमा के साथ अनेक नूतन वेदी हैं जिसमें नूतन एवं कुछ वेदियों में प्राचीन प्रतिमाएँ विराजमान हैं। अंतिम पाँचवी वेदी में बूंदी (राज.) में भूगर्भ से प्राप्त चौथी से नवीं शताब्दी के मध्य की प्रतिमाएँ हैं, यहाँ एक समवसरण भी बना हुआ है। मंदिर के निकट ही रामनगर गाँव में एक शिखरबंद मंदिर है जिसमें फणामण्डित श्यामवर्ण पद्मासन पार्श्वनाथ (4 फुट अवगाहना) की मनोज्ञ प्रतिमा है जिस पर पात्रकेशरी की शंका को दूर करने वाला श्लोक भी अंकित है। मंदिर के बाहर उत्तर की ओर पात्रकेशरी के चरण बने हैं। सन् 1993 में अहिच्छत्र तीर्थ में पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने मंगल पदार्पण पर क्षेत्र को ''तीस चौबीसी मंदिर'' नामक नूतन कृति निर्माण की प्रेरणा प्रदान की, इस 11 शिखरयुक्त मंदिर में 720 तीर्थंकर प्रतिमाएँ विराजमान हैं मूलनायक खड्गासन प्रतिमा पार्श्वनाथ भगवान की है। मंदिर बनकर पूर्ण हो चुका है जिसकी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा 2002 में सम्पन्न हो चुकी है। 15 मई 2005 में कुण्डलपुर से हस्तिनापुर विहार के मध्य पूज्य माताजी के अहिच्छत्र मंगल पदार्पण पर उनकी प्रेरणा से आयोजित भगवान पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक तृतीय सहस्राब्दि महोत्सव वर्ष के अन्तर्गत तिखाल वाले बाबा एवं तीस चौबीसी के 72 भगवान तथा भगवान पार्श्वनाथ का 1008 कलशों से महामस्तकाभिषेक सानन्द सम्पन्न हुआ।

भगवान पार्श्वनाथ की निर्वाणभूमि सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्र –

शाश्वत निर्वाणभूमि तीर्थराज सम्मेदशिखर (पारसनाथ हिल) वर्तमान में झारखण्ड प्रदेश के गिरडीह जिले में स्थित है। यहाँ पहुँचने के लिए रेलवे के कई मार्ग हैं, भारत सरकार द्वारा भगवान पार्श्वनाथ के नाम से एक ट्रेन भी ''पारसनाथ एक्सप्रेस'' चलाई गई है। पारसनाथ स्टेशन के सामने ही एक फर्लांग की दूरी पर ईसरी में दो दिगम्बर जैन धर्मशालाएँ बनी हुई हैं, एक तेरहपंथी, दूसरी बीसपंथी, दोनों निकट-निकट हैं। दोनों में यात्रियों के निवास हेतु उचित सुविधाएँ हैं।

भगवान पार्श्वनाथ की निर्वाणभूमि शाश्वत तीर्थ सम्मेदशिखर से अनंतों मुनियों ने मोक्ष प्राप्त किया है। उत्तरपुराण में वर्णन आया है कि सम्राट सगर चक्रवर्ती ने अपने साठ हजार पुत्रों के साथ सम्मेदशिखर से मोक्ष प्राप्त किया।

ईसरी से लगभग 22 किमी. पर मधुबन है। मधुवन पर्वत के उत्तरी भाग की ओर है। मधुवन में तेरहपंथी और बीसपंथी दो कोठियाँ अर्थात् धर्मशालाएँ हैं।

पहाड़ पर सर्वप्रथम गौतम स्वामी की टोंक है, टोंक के बाएं हाथ मुड़कर पूर्व दिशा की ओर 15 टोंक (कूट) हैं। इन टोकों में चन्द्रप्रभु टोंक सबसे ऊँची है। अभिनंदननाथ की टोंक से उतरकर जलमंदिर आते हैं, यहाँ एक विशाल मंदिर बना हुआ है, जिसके चारों ओर जल भरा है, पहले इसमें दिगम्बर प्रतिमाएँ थीं, धीरे-धीरे श्वेताम्बरों ने मंदिरपर अपना अधिकार कर लिया है। पुनः पश्चिम दिशा की ओर जाकर नौ टोकों कीवंदना करते हैं। इन टोकों में सबसे ऊँची टोंक पारसनाथ भगवान की है।

सम्मेदशिखर में 25-30 वर्षों में अनेकों नवनिर्माणों के द्वारा भारी विकास हुआ है। क्षेत्र पर समवसरण मंदिर, तीस चौबीसी मंदिर, मध्यलोक रचना, त्रियोग आश्रम, त्यागी-व्रती आश्रम आदि निर्माणों के साथ वहाँ अनेक संस्थाएँ अपने-अपने नवनिर्माण आदि कार्यकलापों के द्वारा सिद्ध-क्षेत्र की गरिमा वृद्धि में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान कर रही हैं। इस श्रृँखला में पर्वतराज के चौपड़ा कुण्ड पर स्थित दिगम्बर जैन मंदिर एवं धर्मशाला यात्रियों के लिए विशेष सुविधा प्रदान करते हुए यात्रा के आनंद को द्विगुणित करते हैं।

सन् 2003 में पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी ने पावन तीर्थ सम्मेदशिखर पर पधारकर वहाँ के इतिहास में भगवान ऋषभदेव की विशाल प्रतिमा एवं मंदिर निर्माण की प्रेरणा देकर एक नया अध्याय जोड़ दिया, इसकी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा दिसम्बर 2005 में सम्पन्न हो चुकी है। निश्चित ही यह मनोज्ञ प्रतिमा हर दर्शनार्थी को जैनधर्म की प्राचीनता एवं भगवान आदिनाथ के जीवन को याद कराएगी।

शास्त्रों में शिखर जी की वंदना का फल बताते हुए कहा है कि व्यक्ति इस पर्वत की वंदना करके अधिकतम 49 भव धारण करने के बाद मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। ऐसे पावन सिद्धधाम को शतशः नमन।

तीर्थंकर पार्श्वनाथ

लेखिका-गणिनी ज्ञानमती

इसी जम्बूद्वीप के दक्षिण भरत क्षेत्र में एक सुरम्य नाम का बड़ा भारी देश है। उसके पोदनपुर नगर में अतिशय धर्मात्मा अरविन्द राजा राज्य करते थे। उसी नगर में विश्वभूति ब्राह्मण की अनुन्धरी ब्राह्मणी से उत्पन्न हुए कमठ और मरुभूति नाम के दो पुत्र थे जोकि क्रमशः विष और अमृत से बनाये हुए के समान मालूम पड़ते थे। कमठ की स्त्री का नाम वरुणा तथा मरुभूति की स्त्री का नाम वसुन्धरा था। ये दोनों ही राजा के मन्त्री थे।

एक समय किसी राज्यकार्य से मरुभूति बाहर गया था तब कमठ मरुभूति की स्त्री वसुन्धरा के साथ व्यभिचारी बन गया। राजा अरविंद को यह बात पता चलते ही उन्होंने उस कमठ को दण्डित करके देश से निकाल दिया। वह कमठ भी मानभंग से दुःखी होकर किसी तापस आश्रम में जाकर हाथ में पत्थर की शिला लेकर कुतप करने लगा। भाई के प्रेम के वशीभूत हो मरुभूति भी कमठ को ढूंढ़ता हुआ उधर चल पड़ा। उसे आते देख क्रोध के आवेश में आकर कमठ ने वह हाथ की शिला उसके सिर पर पटक दी जिससे मरुभूति मरकर सल्लकी वन में वज्रघोष नाम का हाथी हो गया।

किसी समय अरविन्द ने विरक्त होकर राज्य छोड़ दिया और संयम धारणकर सब संघ की वंदना के लिये प्रस्थान किया। चलते-चलते वे उसी वन में पहुँचकर सामायिक के समय प्रतिमायोग से विराजमान हो गये। वह हाथी संघ में हाहाकार करता हुआ अरविन्द महाराज के सन्मुख आकर मारने के लिए दौड़ा, तत्क्षण ही उनके वक्षस्थल में श्री वत्स के चिन्ह को देखते ही उसे पूर्व भव संबंध का स्मरण हो आया तब वह पश्चाताप से शांत होता हुआ चुपचाप खड़ा रहा। अनंतर अरविन्द मुनिराज ने उसे धर्मोपदेश देकर श्रावक के व्रत ग्रहण करा दिये।

उस समय से वह हाथी पाप से डर कर दूसरे हाथियों द्वारा तोड़ी हुई वृक्ष की शाखाओं और सूखे पत्तों को खाने लगा। पत्थरों के गिरने से अथवा हाथियों के समूह के संघटन से जो पानी प्रासुक हो जाता था उसे ही वह पीता था तथा प्रोषधोपवास के बाद पारणा करता था। इस प्रकार चिरकाल तक महान तपश्चरण करता हुआ वह हाथी अत्यन्त दुर्बल हो गया। किसी दिन वह हाथी पानी पीने के लिए वेगवती नदी के किनारे गया और कीचड़ में गिरकर फँस गया, निकल नहीं सका। वहाँ पर दुराचारी कमठ का जीव मरकर कुक्कुट सर्प हुआ था उसने पूर्व वैर के संस्कार से उसे काट खाया जिससे वह हाथी महामंत्र का स्मरण करते हुए मरकर बारहवें स्वर्ग में देव हो गया। इधर वह सर्प पाप से मरकर तीसरे नरक चला गया।

जंबूद्वीप के पूर्व विदेह क्षेत्र में पुष्कलावती देश है उसके विजयार्ध पर्वत पर त्रिलोकोत्तम नगर में राजा विद्युत्गति राज्य करते थे। वह देव का जीव वहाँ से च्युत होकर राजा की विद्युन्माला रानी से रश्मिवेग नाम का पुत्र हो गया। रश्मिवेग ने युवावस्था में समाधिगुप्त मुनिराज के पास दीक्षा लेकर महासर्वतोभद्र आदि श्रेष्ठ उपवास किये। किसी समय हिमगिरि पर्वत की गुफा में योग धारण कर विराजमान थे कि कुक्कुट सर्प का जीव जो नरक से निकल कर अजगर हुआ था उसने निगल लिया। मुनि का जीव मरकर सोलहवें स्वर्ग में देव हुआ और कालांतर में अजगर मरकर छठे नरक चला गया।

जंबूद्वीप के पूर्व विदेह सम्बन्धी पद्मादेश में अश्वपुर नगर है। वहाँ के राजा वज्रवीर्य और

रानी विजया के वह स्वर्ग का देव मरकर वज्रनाभि नाम का पुत्र हुआ। वह पुण्यशाली वज्रनाभि चक्रवर्ती के पद का भोक्ता हो गया, अनंतर किसी समय विरक्त होकर साम्राज्य वैभव का त्यागकर क्षेमंकर गुरु के समीप जैनेश्वरी दीक्षा ले ली। कमठ का जीव, जो कि अजगर की पर्याय में मरकर छठे नरक गया था वह कुरंग नाम का भील हो गया था। किसी दिन तपस्वी चक्रवर्ती वन में आतापन योग में विराजमान थे, उन्हें देखकर उस भील का वैर भड़क उठा, उसने मुनिराज पर भयंकर उपसर्ग किए। मुनिराज आराधनाओं की आराधना से मरण कर मध्यम ग्रैवेयक में श्रेष्ठ अहमिन्द्र हो गए तथा वह पापी भील आयु पूरी करके पाप के भार से पुनः नरक चला गया।

जंबूद्वीप के भरतक्षेत्र में कौशलदेश सम्बन्धी अयोध्या नगरी में काश्यपगोत्री इक्ष्वाकुवंशी राजा वज्रबाहु राज्य करते थे। उनकी रानी प्रभंकरी थी वह अहमिन्द्र च्युत होकर रानी के गर्भ से आनंद नाम का आनंददायी पुत्र हो गया। वह बड़ा होकर मंडलेश्वर राजा हुआ। किसी दिन आनंद राजा ने महामंत्री के कहने से आष्टान्हिक महापूजा कराई जिसे देखने के लिए विपुलमति नाम के मुनिराज पधारे। आनंदराजा ने उनकी वंदना पूजा आदि करके उनसे पूछा कि हे भगवन्! जिनेन्द्र प्रतिमा अचेतन है तो उसकी पूजा से पुण्यबंध कैसे होता है? मुनिराज ने कहा यद्यपि प्रतिमा अचेतन है तो भी महान पुण्य का कारण है जैसे चिंतामणि रत्न, कल्पवृक्ष आदि अचेतन होकर मनचिंतित और मनचाहे फल देते हैं वैसे ही प्रतिमाओं की वंदना पूजा आदि से जो शुभ परिणाम होते हैं उनसे सातिशय पुण्य बंध हो जाता है इत्यादि प्रकार से वीतराग प्रतिमा का वर्णन करते हुए मुनिराज ने राजा के सामने तीन लोक सम्बन्धी अकृत्रिम चैत्यालयों का वर्णन करना शुरू किया। उसमें प्रारम्भ में ही सूर्य के विमान में स्थित जिनमंदिर की विभूति का अच्छी तरह वर्णन किया। उस असाधारण विभूति को सुनकर राजा आनन्द को बहुत ही श्रद्धा हो गई। उस दिन से वह प्रतिदिन हाथ जोड़कर मस्तक झुकाकर सूर्य विमान में स्थित जिनप्रतिमाओं की स्तुति करने लगा। उसने कारीगरों द्वारा मणि और सुवर्ण का एक सूर्य विमान बनवाकर उसके भीतर जिनमन्दिर बनवाया। अनन्तर शास्त्रोक्त विधि से आष्टान्हिक, चतुर्मुख, रथावर्त, सर्वतोभद्र और कल्पवृक्ष इन नाम वाली पूजाओं का 'अनुष्ठान' किया।

"उस राजा को इस तरह सूर्य की पूजा करते देखकर उसकी प्रामाणिकता से अन्य लोग भी स्वयं भक्तिपूर्वक सूर्यमंडल की स्तुति करने लगे। आचार्य कहते हैं कि इस लोक में उसी समय से सूर्य की उपासना चल पड़ी है।"

किसी दिन आनन्द राजा ने अपने सिर पर एक सफेद बाल देखा तत्क्षण विरक्त होकर पुत्र को राज्य वैभव देकर समुद्रगुप्त मुनिराज के पास अनेक राजाओं के साथ दीक्षित हो गये। उन्होंने ग्यारह अंगों का अध्ययन किया और सोलहकारण भावनाओं के चिंतवन से तीर्थंकर प्रकृति का बंध कर लिया। आयु के अंत समय वे धीर-वीर शांतमना मुनिराज प्रायोपगमन संन्यास लेकर ध्यान में लीन थे। पूर्व जन्म के कमठ का जीव नरक से निकलकर वहीं सिंह हुआ था। सो उसने आकर उन मुनि का कण्ठ पकड़ लिया। सिंहकृत उपसर्ग से विचलित नहीं होने वाले वे मुनिराज मरणकर अच्युत (सोलहवें) स्वर्ग के प्राणत नामक विमान में इन्द्र हो गए। वहाँ पर उनकी आयु बीस सागर की थी, साढ़े तीन हाथ ऊँचा शरीर था। वे वहाँ दिव्य सुखों का अनुभव कर रहे थे। उधर सिंह का जीव भी आयु पूरी करके मरकर नरक चला गया और वहाँ के भयंकर दुःखों का चिरकाल तक अनुभव करता रहा।

गर्भावतार—

इस जंबूद्वीप के भरत क्षेत्र सम्बन्धी काशी देश में बनारस नाम का एक नगर है। उसमें काश्यप गोत्री राजा अश्वसेन अपरनाम विश्वसेन राज्य करते थे। उनकी रानी का नाम वामा देवी अपरनाम ब्राह्मी था। जब उन सोलहवें स्वर्ग के इन्द्र की आयु छह मास की अवशेष रह गई थी तब इन्द्र की आज्ञा से कुबेर ने माता के आँगन में रत्नों की धारा बरसाना शुरू कर दी थी। रानी वामा देवी ने सोलहस्वप्नपूर्वक वैशाख कृष्णा द्वितीया के दिन इन्द्र के जीव को गर्भ में धारण किया था।

नवमास पूर्ण होने पर पौष कृष्णा एकादशी के दिन पुत्र का जन्म हुआ था। इन्द्रादि देवों ने सुमेरु पर्वत पर ले जाकर तीर्थंकर शिशु का जन्माभिषेक करके 'पार्श्वनाथ' यह नामकरण किया था। श्री नेमिनाथ के बाद तिरासी हजार सात सौ पचास वर्ष बीत जाने पर इनका जन्म हुआ था। इनकी आयु सौ वर्ष की थी जोकि इसी अंतराल में सम्मिलित है। प्रभु की कांति हरितवर्ण की एवं शरीर की ऊँचाई नौ हाथ प्रमाण थी। ये उग्रवंशी थे।

सोलह वर्ष बाद नवयौवन से युक्त भगवान किसी समय क्रीडा के लिये अपनी सेना के साथ नगर के बाहर गये। कमठ का जीव जो कि सिंह पर्याय से नरक गया था वह वहाँ से आकर महीपाल नगर का महीपाल नाम का राजा हुआ था। उसी की पुत्री वामा देवी भगवान पार्श्वनाथ की माता थीं। यह राजा (भगवान के नाना) किसी समय अपनी पत्नी के वियोग में तपस्वी होकर वहीं आश्रम के पास वन में पंचाग्नियों के बीच में बैठा तपश्चरण कर रहा था। देवों द्वारा पूज्य भगवान उसके पास जाकर उसे नमस्कार किये बिना ही खड़े हो गये। यह देखकर वह खोटा साधु क्रोध से युक्त हो गया और सोचने लगा "मैं कुलीन हूँ, तपोवृद्ध हूँ और इसका नाना हूँ" फिर भी इस अज्ञानी कुमार ने अहंकारवश मुझे नमस्कार नहीं किया है, क्षुभित हो उसने अग्नि में लकड़ियों को डालने के लिए पड़ी हुई लकड़ी को काटने हेतु अपना फरसा उठाया, इतने में ही अवधिज्ञानी भगवान पार्श्वनाथ ने कहा, "इसे मत काटो" इसमें जीव हैं किन्तु मना करने पर भी उसने लकड़ी काट ही डाली, तत्क्षण ही उसके भीतर रहने वाले सर्प और सर्पिणी निकल पड़े और घायल हो जाने से छटपटाने लगे।

यह देखकर प्रभु के साथ स्थित सुभौमकुमार ने कहा कि तू अहंकारवश यह कुतप करके ताप का ही आस्रव कर रहा है। सुभौम के वचन सुन तपस्वी क्रुधित होकर अपने तपश्चरण की महत्ता प्रकट करने लगा। तब सुभौमकुमार ने अनेक युक्तियों से उसे समझाया कि सच्चे देव, शास्त्र और गुरु के सिवाय कोई हितकारी नहीं है। जिनधर्म में प्रणीत सच्चे तपश्चरण से ही कर्म निर्जरा होती है। यह मिथ्यातप, जीव हिंसा सहित होने से कुतप ही है। यद्यपि वह तापसी समझ तो गया किन्तु पूर्व बैर का संस्कार होने से अपने पक्ष के अनुराग से अथवा दुःखमय संसार के कारण से अथवा स्वभाव से ही दुष्ट होने से उसने स्वीकार नहीं किया प्रत्युत् यह सुभौमकुमार अहंकारी होकर मेरा तिरस्कार कर रहा है ऐसा समझ वह भगवान पार्श्वनाथ पर अधिक क्रोध करने लगा। इसी शल्य से मरकर 'शम्बर' नाम का ज्योतिषी देव हो गया।

इधर सर्प और सर्पिणी पार्श्व कुमार के उपदेश से शांतभाव को प्राप्त हुए तथा मरकर बड़े ही वैभवशाली धरणेन्द्र और पद्मावती हो गये।

अनंतर भगवान जब तीस वर्ष के हो गये तब एक दिन अयोध्या के राजा जयसेन ने उत्तम घोड़ा आदि की भेंट के साथ अपना दूत भगवान पार्श्वनाथ के समीप भेजा। भगवान ने भेंट लेकर

उस दूत से अयोध्या की विभूति पूछी। उत्तर में दूत ने सबसे पहले भगवान ऋषभदेव का वर्णन किया पश्चात् अयोध्या का हाल कहा। उसी समय ऋषभदेव के सदृश अपने को तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध हुआ है, ऐसा सोचते हुए भगवान गृहवास से पूर्ण विरक्त हो गये और लौकांतिक देवों द्वारा पूजा को प्राप्त हुए। प्रभु देवों द्वारा लाई गई विमला नाम की पालकी पर बैठकर अश्ववन में पहुँच गये। वहाँ तेला का नियम लेकर पौष कृष्णा एकादशी के दिन प्रातः काल के समय सिद्ध भगवान को नमस्कार करके प्रभु तीन सौ राजाओं के साथ दीक्षित हो गये।

पारणा के दिन गुल्मखेट नगर के धन्य नामक राजा ने अष्ट मंगलद्रव्यों से प्रभु का पड़गाहन कर आहारदान देकर पंचाश्चर्य प्राप्त कर लिये। छद्मस्थ अवस्था के चार मास व्यतीत हो जाने पर भगवान अश्ववन में पहुँचकर देवदारु वृक्ष के नीचे विराजमान होकर ध्यान में लीन हो गये। इसी समय कमठ का जीव शम्बर ज्योतिषी आकाशमार्ग से जा रहा था, अकस्मात् उसका विमान रुक गया, उसे विभंगावधि से पूर्वभव का बैर बंध स्पष्ट दिखने लगा। फिर क्या था, क्रोधवश उसने महागर्जना, महावृष्टि, भयंकर वायु आदि से महा उपसर्ग करना प्रारम्भ कर दिया, बड़े बड़े पहाड़ तक लाकर समीप में गिराये, इस प्रकार उसने सात दिन तक लगातार भयंकर उपसर्ग किया।

अवधिज्ञान से यह उपसर्ग जानकर धरणेन्द्र अपनी भार्या पद्मावती के साथ पृथ्वी तल से बाहर निकला। धरणेन्द्र और पद्मावती दोनों ने भगवान को सब ओर से घेर कर अपने फणाओं के ऊपर उठा लिया और वज्रमय छत्र तान कर प्रभु का उपसर्ग दूर किया। आचार्य कहते हैं देखो! स्वभाव से ही क्रूर प्राणी इन सर्प सर्पिणी ने अपने ऊपर किये गये उपकार को याद रखा सो ठीक ही है क्योंकि सज्जन पुरुष अपने ऊपर किये हुए उपकार को कभी नहीं भूलते हैं। तभी से वह स्थल ''अहिच्छत्र'' नाम से प्रसिद्ध हो गया।

तदनंतर ध्यान के प्रभाव से प्रभु का मोहनीय कर्म क्षीण हो गया इसलिए बैरी कमठ कृत सब उपसर्ग दूर हो गया। मुनिराज पार्श्वनाथ ने चैत्र कृष्णा चतुर्थी के दिन प्रातःकाल के समय विशाखा नक्षत्र में लोकालोकप्रकाशी केवलज्ञान को प्राप्त कर लिया। उसी समय इन्द्रों ने आकर समवसरण की रचना करके केवलज्ञान की पूजा की। शंबर नाम का देव भी काललब्धि पाकर उसी समय शांत हो गया और उसने सम्यग्दर्शन प्राप्त कर लिया। यह देख, उस वन में रहने वाले सात सौ तपस्वियों ने मिथ्यादर्शन छोड़कर संयम धारण कर लिया, सभी शुद्ध सम्यग्दृष्टि हो गये और बड़े आदर से प्रदक्षिणा देकर भगवान की स्तुति भक्ति की। आचार्य कहते हैं कि पापी कमठ के जीव का कहां तो निष्कारण वैर और कहां ऐसी पार्श्वनाथ की शांति! इसलिए संसार के दुःखों से भयभीत प्राणियों को वैर विरोध का सर्वथा त्याग कर देना चाहिए।

भगवान पार्श्वनाथ के समवसरण में स्वयंभू को आदि लेकर दस गणधर थे, सोलह हजार मुनिराज, सुलोचना को आदि लेकर छत्तीस हजार आर्यिकायें, एक लाख श्रावक और तीन लाख श्राविकायें थीं। इस प्रकार बारह सभाओं को धर्मोपदेश देते हुए भगवान ने पाँच मास कम सत्तर वर्ष तक विहार किया। अंत में आयु का एक माह शेष रहने पर विहार बंद हो गया। प्रभु पार्श्वनाथ सम्मेदाचल के स्वर्णभद्र कूट पर छत्तीस मुनियों के साथ प्रतिमायोग से विराजमान हो गये। श्रावण शुक्ला सप्तमी के दिन प्रातःकाल के समय विशाखा नक्षत्र में सिद्धपद को प्राप्त हो गये। इन्द्रों ने आकर मोक्ष कल्याणक उत्सव मनाया। ऐसे पार्श्वनाथ भगवान हमें भी सम्पूर्ण प्रकार के उपसर्गों को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

मण्डल का नक्शा



इस विधान में 1098 अर्घ्य और 18 पूर्णार्घ्य हैं।

मानस्तंभ के – **4 अर्घ्य**
आठ भूमि में प्रथम भूमि का – **1 अर्घ्य**
द्वितीय भूमि का – **1 अर्घ्य**
तृतीय भूमि का – **1 अर्घ्य**
चतुर्थ भूमि के चैत्यवृक्ष के – **4 अर्घ्य**
पाँचवीं भूमि का – **1 अर्घ्य**
कल्पवृक्ष भूमि के सिद्धार्थ वृक्ष के – **4 अर्घ्य**
भवनभूमि के – **4 अर्घ्य**
आठवीं भूमि का – **1 अर्घ्य**
प्रथम कटनी पर धर्मचक्र के – **4 अर्घ्य**
द्वितीय कटनी का – **1 अर्घ्य**
तृतीय कटनी में गंधकुटी का – **1 अर्घ्य**
तीर्थंकर के गुणों के – **46 अर्घ्य**
तीर्थंकर के 18 दोष वर्जित का – **1 अर्घ्य**
समवसरण में गणधरों का – **1 अर्घ्य**
समवसरण में 7 प्रकार के मुनियों के – **7 अर्घ्य**
समवसरण में आर्यिकाओं का – **1 अर्घ्य**
पंचकल्याणक के – **5 अर्घ्य**
शासन देव-देवी के – **1+1=2 अर्घ्य**
भगवान के 1008 गुणों के – **1008 अर्घ्य**
कुल मिलाकर 1098 अर्घ्य हैं।

नवदेवता पूजन

–गीता छन्द –

अरिहंत सिद्धाचार्य पाठक, साधु त्रिभुवन वंद्य हैं।
जिनधर्म जिनआगम जिनेश्वरमूर्ति जिनगृह वंद्य हैं।।
नव देवता ये मान्य जग में, हम सदा अर्चा करें।
आह्वान कर थापें यहां मन में अतुल श्रद्धा धरें।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिन-चैत्यचैत्यालय समूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिन-चैत्यचैत्यालय समूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिन-चैत्यचैत्यालय समूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

–अथाष्टक –

गंगानदी का नीर निर्मल, बाह्य मल धोवे सदा।
अंतर मलों के क्षालने को नीर से पूजूँ मुदा।।
नवदेवताओं की सदा जो भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल पाय शिवकांता वरें।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूर मिश्रित गंध चंदन, देह ताप निवारता।
तुम पाद पंकज पूजते, मन ताप तुरतहिं वारता।।
नवदेवताओं की सदा जो भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल पाय शिवकांता वरें।2।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षीरोदधी के फेन सम सित तंदुलों को लायके।
उत्तम अखंडित सौख्य हेतु, पुंज नव सुचढ़ायके।।

नवदेवताओं की सदा जो भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल पाय शिवकांता वरें।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

चम्पा चमेली केवड़ा, नाना सुगन्धित ले लिये।
भव के विजेता आपको, पूजत सुमन अर्पण किये।।
नवदेवताओं की सदा जो भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल पाय शिवकांता वरें।4।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पायस मधुर पकवान मोदक, आदि को भर थाल में।
निज आत्म अमृत सौख्य हेतु पूजहूँ नत भाल मैं।।
नवदेवताओं की सदा जो भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल पाय शिवकांता वरें।5।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूर ज्योति जगमगे दीपक लिया निज हाथ में।
तुम आरती तम वारती, पाऊँ सुज्ञान प्रकाश मैं।।
नवदेवताओं की सदा जो भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल पाय शिवकांता वरें।6।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दशगंधधूप अनूप सुरभित, अग्नि में खेऊँ सदा।
निज आत्मगुण सौरभ उठे, हों कर्म सब मुझसे विदा।।
नवदेवताओं की सदा जो भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल पाय शिवकांता वरें।7।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

अंगूर अमरख आम्र अमृत, फल भराऊँ थाल में।
उत्तम अनूपम मोक्ष फल के, हेतु पूजूँ आज मैं।।
नवदेवताओं की सदा जो भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल पाय शिवकांता वरें।8।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंध अक्षत पुष्प चरु दीपक सुधूप फलार्घ्य ले।
वर रत्नत्रय निधि लाभ यह बस अर्घ्य से पूजत मिले।।
नवदेवताओं की सदा जो भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल पाय शिवकांता वरें।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा – **जलधारा से नित्य मैं, जग की शांति हेत।**
नवदेवों को पूजहूँ, श्रद्धा भक्ति समेत।।10।।

शांतये शांतिधारा।

नाना विध के सुमन ले, मन में बहु हरषाय।
मैं पूजूँ नव देवता, पुष्पांजली चढ़ाय।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य- **ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः।** (9, 27 या 108 बार)

जयमाला

सोरठा- **चिच्चिंतामणिरत्न, तीन लोक में श्रेष्ठ हो।**
गाऊँ गुणमणिमाल जयवंते वर्तो सदा।।1।।

(चाल-हे दीनबन्धु श्रीपति.....)

जय जय श्री अरिहंत देवदेव हमारे।
जय घातिया को घात सकल जंतु उबारे।।
जय जय प्रसिद्ध सिद्ध की मैं वंदना करूँ।
जय अष्ट कर्ममुक्त की मैं अर्चना करूँ।।2।।

आचार्य देव गुण छत्तीस धार रहे हैं।
दीक्षादि दे असंख्य भव्य तार रहे हैं।।
जो गंध कुटी मध्य में है कमल सम आसन।।12।।

इस पे जिनेन्द्र चार अंगुल अधर राजते।
त्रैलोक्यनाथ अतुल विभवयुत विराजते।।
चौंतीस अतिशयों व आठ प्रातिहार्य से।
आनन्त्य चतुष्टय सहित अनुपम विभासते।।13।।

ये ग्यारहों हि भूमियां अद्भुत निकेत हैं।
इन मध्य चार कोट और पाँच वेदि हैं।।
सब रत्न की रचना वहाँ नवनिधि भरी पड़ीं।
गोपुर व द्वार नाट्यशालाएं बड़ी-बड़ी।।14।।

प्रेक्षा सदन अभिषेक सदन आदि वहाँ पे।
मंडप सभागृहादि भी श्रुत केवली ताके।।
वापी सरोवरों में वहाँ फूल खिले हैं।
वापी में कर स्नान सात भव भी दिखे हैं।।15।।

कोठों का लघू क्षेत्र तो भी जिन प्रभाव से।
प्राणी असंख्य बैठते निर्वैर भाव से।।
आतंक रोग भूख प्यास आदि ना वहाँ।
मिथ्यात्वि असंज्ञी अभव्य शूद्र ना वहाँ।।16।।

अंधे भी वहाँ देखते गूँगे भी बोलते।
लंगड़े चढ़े सब सीढ़ियाँ बहिरे भी हैं सुनते।।
विष भी वहाँ निर्विष बने सब शोक टले हैं।
सब जात विरोधी वहाँ आपस में मिले हैं।।17।।

स्तूप बनें तीन लोक आदि के वहाँ।
जो सर्व सृष्टि रूप धरें शोभते वहाँ।।
बहु धूपघड़ों में सभी सुधूप खे रहे।
निज कर्म धूलि को उड़ा आनंद ले रहे।।18।।

इत्यादि विभव है अपूर्व कौन कह सके।
गणधर गुरु सुरगुरु भी नहिं पार पा सके।।
जो एक बार समोसरण में चले गये।
वे भव्य मोक्ष पथिकों की कोटी में आ गये।।19।।

प्रभु के समवसरण में सहस्राक्ष भक्ति से।
प्रभु नाम मंत्र सहस्रों से स्तुति करके।।
श्री पार्श्वनाथ प्रभु को कोटिशः नमन किया।
फिर श्रीविहार हेतु प्रभु से प्रार्थना किया।।20।।

हे नाथ! भव्य धान्य पाप अनावृष्टि से।
सूखें उन्हें सींचो सुधर्म सुधावृष्टि से।।
भगवंत! आप विजय की उद्योग सूचना।
ये धर्मचक्र है तैयार शोभता घना।।21।।

हे देव! आप मोह शत्रु पे विजय किया।
शिवमार्ग के उपदेश का अवसर ये आ गया।।
जिनवर स्वयं तैयार श्रीविहार के लिए।
बस इंद्र की ये प्रार्थना नियोग के लिए।।22।।

तत्क्षण समवसरण सभी विलीन हो गया।
इंद्रों ने प्रभु विहार का उत्सव महा किया।।
जय जय ध्वनी ऊँची उठी बाजे बजे घने।
संगीत गीत नृत्य करें देवगण घने।।23।।

आकाश में अधर सुवर्ण कमल रच दिए।
सुरभित कमल पे नाथ चरण धरत चल दिए।।
गंधोद वृष्टि, पुष्पवृष्टि मंद पवन है।
अतिशय विभूति आप के विहार समय है।।24।।

आरे हजार धर्मचक्र चम चमा रहा।
जिनराज आगे-आगे चले शोभता महा।।
संपूर्ण भव्यजन को मोक्षमार्ग दिखाये।
जो आ गये शरण प्रभू की सिद्धि वे पायें।।25।।

जो भव्य एक बार भी तुम अर्चना करें।
निश्चित वे कर्म प्रकृतियों की खण्डना करें।।
फिर वे कभी यमराज के चंगुल में ना पड़ें।
हो पूर्ण 'ज्ञानमती' मोक्ष महल में चढ़ें।।26।।

–दोहा–

चिन्तामणि श्री पार्श्वप्रभु, पंचकल्याणक ईश।
सर्वकल्याणक कल्पतरु, नमूँ नमूँ नत शीश।।27।।

ॐ ह्रीं अन्तरंग-बहिरंगलक्ष्मीसमन्वित श्रीपार्श्वनाथस्वामिने जयमाला अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शान्तये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

–शंभु छंद–

अहिच्छत्र तीर्थ पर पार्श्वनाथ-को अतिशय केवलज्ञान हुआ।
प्रभु समवसरण की पूजा कर, मन में आनंद महान् हुआ।।
जो भव्य समवसृति रचना कर, प्रभु के गुणमणि को यजते हैं।
वे सकल 'ज्ञानमति' किरणों से, त्रिभुवन आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

इति श्रीपार्श्वनाथसमवसरण विधानं पूर्णं।
वर्द्धतां जिनशासनम्।

प्रशस्ति

श्री शांतिनाथ श्री कुंथुनाथ, श्री अरहनाथ को नमन करूँ।
हस्तिनापुरी त्रय तीर्थंकर की, जन्मभूमि का स्तवन करूँ।।
श्री ऋषभदेव की जन्मभूमि, शाश्वत जो तीर्थ अयोध्या है।
उसको भी प्रणमूँ बार-बार, जो सुरनर मुनिगण वंद्या है।।1।।

वाराणसी नगरी में जन्में, श्री जिनसुपार्श्व श्री पार्श्वनाथ।
कुण्डलपुर जन्मभूमि वंदूं, महावीर प्रभू से जो सनाथ।।
अट्ठाइस सौ चौरासि वर्ष, पहले वाराणसि नगरी में।
श्री पार्श्वनाथ ने जन्म लिया, सुरनर से पूज्य हुई जग में।।2।।

जहाँ कमठासुर उपसर्ग जीत, प्रभु केवलज्ञानी ईश हुए।
अहिच्छत्र तीर्थ जग पूज्य बना, भक्तों के मनरथ सिद्ध हुए।।
चिंतामणि चिंतित फलदाता, प्रभु भक्तों के वरदान हुए।।
धरणेन्द्रदेव-पद्मावति भी प्रभु, भक्ती कर जगमान्य हुए।।3।।

श्री वीरप्रभू के शासन में, श्री कुंदकुंद आचार्य हुए।
श्री मूलसंघ सरस्वतीगच्छ, गण बलात्कार में मान्य हुए।।
इस परम्परा में चरतिचक्र-वर्ती श्री प्रथमाचार्य हुए।
गुरु शांतिसागराचार्य वर्य, बीसवीं सदी के प्रथम हुए।।4।।

इन प्रथम शिष्य श्री वीरसागराचार्य चतुः संघ गुरू हुए।
ये पट्टाचार्य प्रथम मानें, गुरुवर मम दीक्षा गुरू हुए।।
गुरुवर प्रसाद जिनवर भक्ती, औ सरस्वती की भक्ती से।
मैंने विधान पूजन आदिक रच दिये अल्प ही बुद्धी से।।5।।

प्रभु पार्श्वनाथ का जन्मकल्याणक तृतीय सहस्राब्दी उत्सव।
वाराणसि जन्मभूमि से ही, प्रारंभ हुआ यह महिमोत्सव।।
अहिच्छत्र तीर्थ पर पार्श्वनाथ प्रभु, की प्रतिमा प्राचीन यहाँ।
इनके सहस्राब्दि महोत्सव का, अवसर यह अतिशय ख्यात यहाँ।।6।।

श्री पार्श्वनाथ के समवसरण मण्डल विधान की यह रचना।
प्रभु की बस भक्ती ही केवल, शब्दों में ही प्रभु की महिमा।।
वीराब्द पचीस शतक तेंतिस, आश्विन शुक्ला सप्तमी तिथीं।
वर तीर्थ हस्तिनापुर उत्तम, इस विधान रचना की पूर्ती।।7।।

प्रभु समवसरण में आठ भूमि, त्रयकटनी की पूजा इसमें।
मानस्तंभों के बिंबों की, छ्यालिस गुण की पूजा इसमें।।
अष्टोत्तर सहस्रगुण पूजा, से यह विधान अतिशायी है।
पूजन विधान करने वालों, को यह अतिशय सुखदायी है।।8।।

संपूर्ण विश्व में प्रथम बार यहाँ[2] जम्बूद्वीप सुमेरु बना।
तेरहद्वीपों की अतिशायी स्वर्णिम रचना भी है प्रथमा।।
जब तक जिनधर्म रहे जग में, तब तक ये रचना अमर रहें।
मुझ गणिनी 'ज्ञानमती' विरचित, तब तक विधान भी अमर रहे।।9।।

।। इति वर्धतां जिनशासनम्।।

1. आश्विन शु. 7, दि. 18-10-2007। 2. हस्तिनापुर में।

गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की पूजन

रचयित्री - प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

–स्थापना –

पूजन करो जी-

श्री गणिनी ज्ञानमती माताजी की, पूजन करो जी।
जिनकी पूजन करने से, अज्ञान तिमिर नश जाता है।
जिनकी दिव्य देशना से, शुभ ज्ञान हृदय बस जाता है।।
उनके श्री चरणों में, आह्वानन स्थापन करते हैं।
सन्निधिकरण विधीपूर्वक, पुष्पांजलि अर्पित करते हैं।।
पुष्पांजलि अर्पित करते हैं.....

पूजन करो जी,

श्री गणिनी ज्ञानमती माताजी की पूजन करो जी।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मातः ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मातः ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मातः! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणम्।

–अष्टक –

ज्ञानमती जी नाम तुम्हारा, ज्ञान सरित अवगाहन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।
मुझ अज्ञानी ने माँ जबसे, तेरी छाया पाई है।
तब से दुनिया की कोई छवि, मुझको लुभा न पाई है।।
ज्ञानामृत जल पीने हेतू, तव पद में मेरा मन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।1।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मात्रे जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन और सुगंधित गंधों, की वसुधा पर कमी नहीं।
लेकिन तेरी ज्ञान सुगन्धी, से सुरभित है आज मही।।

उसी ज्ञान की सौरभ लेने, को आतुर मेरा मन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।2।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मात्रे संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

जग के नश्वर वैभव से, मैंने शाश्वत सुख था चाहा।
पर तेरे उपदेशों से, वैराग्य हृदय मेरे भाया।।
अक्षय सुख के लिए मुझे, तेरा प्रवचन ही साधन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।3।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मात्रे अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

कामदेव ने निज बाणों से, जब युग को था ग्रसित किया।
तुमने अपनी कोमल काया, लघुवय में ही तपा दिया।।
इसीलिए तव पद में आकर, शान्त हुआ मेरा मन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।4।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मात्रे कामवाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

मानव सुन्दर पकवानों से, अपनी क्षुधा मिटाते हैं।
लेकिन उनके द्वारा भी नहिं, भूख मिटा वे पाते हैं।।
आत्मा की संतृप्ति हेतु, तव वाणी मेरा भोजन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।5।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मात्रे क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विद्युत के दीपों से जग ने, गृह अंधेर मिटाया है।
ज्ञान का दीपक लेकर तुमने, अन्तरंग चमकाया है।।
घृत का दीपक लेकर माता, हम करते तव प्रणमन हैं।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।6।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मात्रे मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्मों ने ही अब तक मुझको, यह भव भ्रमण कराया है।
तुमने उन कर्मों से लड़कर, त्याग मार्ग अपनाया है।।
धूप जलाकर तेरे सम्मुख, हम करते तव पूजन हैं।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।7।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मात्रे अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

कितने खट्टे मीठे फल को, मैंने अब तक खाया है।
तुमने माँ जिनवाणी का, अनमोल ज्ञानफल खाया है।।
तव पूजनफल ज्ञाननिधी, मिल जावे यह मेरा मन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।8।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मात्रे मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाह

पिच्छि कमण्डलुधारी माता, नमन तुम्हें हम करते हैं।
अष्ट द्रव्य का थाल सजाकर, अर्घ्य समर्पण करते हैं।।
युग की पहली ज्ञानमती के, चरणों में अभिवन्दन है।
तेरी पावन प्रतिभा लखकर, मेरा मन भी पावन है।।9।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मात्रे अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाह

– शेरछंद –

हे माँ तू ज्ञान गंग की पवित्र धार है।
तेरे समक्ष गंगा की लहरें बेकार हैं।।
उस धार की कुछ बूँदों से जलधार मैं करूँ।
वह ज्ञान नीर मैं हृदय के पात्र में भरूँ।।

शांतये शांतिधारा.....।।

स्याद्वाद अनेकान्त के उद्यान में माता।
बहुविध के पुष्प खिले तेरे ज्ञान में माता।।
कतिपय उन्हीं पुष्पों से मैं पुष्पांजलि करूँ।
उस ज्ञानवाटिका में ज्ञान की कली बनूँ।।

दिव्य पुष्पांजलिं क्षिपेत्.....।।

जयमाला

–दोहा–

ज्ञानमती को नित नमूँ, ज्ञान कली खिल जाय।
ज्ञानज्योति की चमक में, जीवन मम मिल जाय।।

धुन-नागिन-मेरा मन डोले.....।

हे बालसती, माँ ज्ञानमती, हम आए तेरे द्वार पे,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।
शरद पूर्णिमा दिन था सुन्दर, तुम धरती पर आईं।
सन् उन्निस सौ चौंतिस में माँ, मोहिनि जी हर्षाईं।। माता...।।
थे पिता धन्य, नगरी भी धन्य, मैना के इस अवतार पे,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।1।।

बाल्यकाल से ही मैना के, मन वैराग्य समाया।
तोड़ जगत के बंधन सारे,छोड़ी ममता माया।। माता....।।
गुरु संग मिला, अवलम्ब मिला, पग बढ़े मुक्ति के द्वार पे,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।2।।

शान्तिसिन्धु की प्रथम शिष्यता, वीरसिन्धु ने पाई।
उनकी शिष्या ज्ञानमती जी ने ,ज्ञान की ज्योति जलाई।। माता....।।
शिवरागी की, वैरागी की, ले दीप सुमन का थाल रे,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।3।।

माता तुम आशीर्वाद से, जम्बूद्वीप बना है।
हस्तिनापुर की पुण्यधरा पर, कैसा अलख जगा है।। माता....।।
ज्ञान ज्योति चली, जग भ्रमण करी, तेरे ही ज्ञान आधार पे,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।4।।

तीर्थ अयोध्या-मांगीतुंगी, का विकास करवाया।
फिर प्रयाग में तपस्थली का, नूतन तीर्थ बनाया।। माता.....।।
प्रभु समवसरण, रथ हुआ भ्रमण, श्री ऋषभदेव के नाम का,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।5।।

कुण्डलपुर तीरथ विकास की, नई प्रेरणा आई।
महावीर की जन्मभूमि में, अगणित खुशियाँ छाईं।। माता...।।
महावीर ज्योति, रथ से उद्योत, कर दिया पुनः संसार को,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।6।।

तीर्थंकर की जन्मभूमियों, का विकास करवाया।
पार्श्वनाथ के उत्सव का फिर, तुमने बिगुल बजाया।। माता.....।।
संदेश दिया, उपदेश दिया, भावना हुई साकार है,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।7।।

यथा नाम गुण भी हैं वैसे, तुम हो ज्ञान की दाता।
तुम चरणों में आकर के हर, जनमानस हर्षाता।।माता....।।
साहित्य सृजन, श्रुत में ही रमण, कर चलीं स्वात्म विश्राम पे,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।8।।

गणिनी माता के चरणों में, यही याचना करते ।
कहे ''चन्दनामती'' ज्ञान की , सरिता मुझमें भर दे।।माता.....।।
ज्ञानदाता की, जगमाता की, वन्दना करूँ शतबार मैं,
शुभ अर्घ्य संजोकर लाए हैं।।9।।

–दोहा–

लोहे को सोना करे, पारस जग विख्यात।
तुम जग को पारस करो, स्वयं ज्ञानमति मात।।10।।

ॐ ह्रीं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती मात्रे जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।
शांतये शांतिधारा, दिव्य पुष्पांजलिः।

–शंभुछंद–

जो गणिनी ज्ञानमती माता की, करें महापूजा रुचि से।
वे ज्ञानामृत से निज मन को, पावन कर अभिसिंचित करते।।
इस शरदपूर्णिमा के चन्दा की, ज्ञानरश्मियाँ बढ़ें सदा।
''चन्दनामती'' युग युग तक यह, आलोक जगत को मिले सदा।।

आरति श्री पार्श्वनाथ भगवान की

तर्ज-करती हूँ तुम्हारी पूजा.....।

करते हैं प्रभु की आरति, मन का दीप जलेगा।
पारस प्रभु की भक्ती से, मन संक्लेश धुलेगा।।
जय पारस देवा, जय पारस देवा-2।।।

हे अश्वसेन के नन्दन, वामा माता के प्यारे।
तेईसवें तीर्थंकर पारस, प्रभु तुम जग से न्यारे।।
तेरी भक्ती गंगा में, जो स्नान करेगा।
पारस प्रभु की भक्ती से, मन संक्लेश धुलेगा।।
जय पारस देवा, जय पारस देवा-2।।1।।

वाराणसि में जन्मे, निर्वाण शिखर जी से पाया।
इक लोहा भी प्रभु चरणों में, सोना बनने आया।।
सोना ही क्या वह लोहा, पारसनाथ बनेगा।
पारस प्रभु की भक्ती से, मन संक्लेश धुलेगा।।
जय पारस देवा, जय पारस देवा-2।।2।।

सुनते हैं जग में वैर सदा, दो तरफा चलता है।
पर पार्श्वनाथ का जीवन, इसे चुनौती करता है।।
इक तरफा बैरी ही कब तक, उपसर्ग करेगा।
पारस प्रभु की भक्ती से, मन संक्लेश धुलेगा।।
जय पारस देवा, जय पारस देवा-2।।3।।

कमठासुर ने बहुतेक भवों में, आ उपसर्ग किया।
पारसप्रभु ने सब सहकर, केवलपद को प्राप्त किया।।
कैवल्य ज्योति से पापों का, अंधेर मिटेगा।
पारस प्रभु की भक्ती से, मन संक्लेश धुलेगा।।
जय पारस देवा, जय पारस देवा-2।।4।।

प्रभु तेरी आरति से मैं भी, यह शक्ति पा जाऊं।
''चन्दनामती'' तव गुणमणि की, माला यदि पा जाऊं।।
तब जग में नहिं शत्रू का, मुझ पर वार चलेगा।
पारस प्रभु की भक्ती से, मन संक्लेश धुलेगा।।
जय पारस देवा, जय पारस देवा-2।।5।।

भजन

-आर्यिका चन्दनामती

धरती का तुम्हें नमन है, आकाश का तुम्हें नमन है।
तीन लोक के सौ इन्द्रों ने, किया तुम्हें वंदन है।।
सौ-सौ बार नमन है-2
पार्श्वनाथ प्रभु के चरणों में, सौ-सौ बार नमन है।।टेक.।।

तीन तीर्थ माने हैं जिनके, पंचकल्याण से पावन,
वाराणसि, अहिच्छत्र और सम्मेदशिखर मनभावन।
इनके दर्शन से भक्तों के, पावन होते मन हैं,
सौ-सौ बार नमन है, पार्श्वनाथ प्रभु.....।।1।।

वर्तमान में पार्श्वनाथ का, अतिशय खूब बखाना,
अंतरिक्ष, शिरपुर, चंवलेश्वर, मक्सी, अडिन्दा जाना।
अतिशायी कचनेर में जाकर, करो प्रभू दर्शन है,
सौ-सौ बार नमन है, पार्श्वनाथ प्रभु.....।।2।।

कर्नाटक के बीजापुर में, सहस्रफणा पारस हैं,
जम्बूद्वीप हस्तिनापुर में, चिन्तामणि पारस हैं।
भारत के अनेक नगरों में, पारस प्रभु मंदिर हैं,
सौ-सौ बार नमन है, पार्श्वनाथ प्रभु.....।।3।।

गणिनी ज्ञानमती माता, कहती हैं सब भक्तों को,
पारस प्रभु के अतिशय से, परिचित करवाओ सब को।
सभी ''चन्दनामती'' वर्ष भर, उत्सव करो सफल है,
सौ-सौ बार नमन है, पार्श्वनाथ प्रभु.....।।4।।

सुखचिन्तामणि व्रत का स्वरूप

उच्यते, सुखचिन्तामणौ चतुर्दशी चतुर्दशकं, एकादश्येकादशकं, अष्टम्यष्टकं, पंचमी पंचकं तृतीया त्रिकमेवमुपवासाः एकचत्वारिंशत्। न कृष्णपक्षशुक्लपक्षगतो नियमः, केवलां तिथिं नियम्य भवन्तीति उपवासाः। अस्य व्रतस्य पञ्चभावनाः भवन्ति, प्रत्येकभावनयामभिषेको भवति।

अर्थ—सुखचिन्तामणि व्रत में चतुर्दशियों में चौदह उपवास, एकादशियों के ग्यारह उपवास, अष्टमियों के आठ, पंचमियों के पाँच उपवास, तृतीयाओं के तीन उपवास, इस प्रकार कुल 41 उपवास करना चाहिए। इस व्रत में कृष्णपक्ष और शुक्लपक्ष का कुछ भी नियम नहीं है, केवल तिथि का नियम है। उपवास के दिन व्रत की विधेय तिथि का होना आवश्यक है। इस व्रत की पाँच भावना होती हैं, प्रत्येक भावना में एक अभिषेक किया जाता है। अभिप्राय यह है कि चौदह चतुर्दशियों के व्रत के पश्चात् एक भावना, ग्यारह एकादशियों के व्रत के पश्चात् एक भावना, आठ अष्टमियों के व्रत के बाद एक भावना, पाँच पंचमियों के व्रत के पश्चात् एक भावना एवं तीन तृतीयाओं के व्रत के पश्चात् एक भावना करनी पड़ती है। प्रत्येक भावना के दिन भगवान का अभिषेक करना पड़ता है।

विवेचन—सुखचिंतामणि व्रत के लिए केवल तिथियों का विधान है। यह व्रत तृतीया, पंचमी, अष्टमी, एकादशी और चतुर्दशी को किया जाता है। प्रथम इस व्रत का प्रारंभ चतुर्दशी से करते हैं, लगातार चौदह चतुर्दशी अर्थात् सात महीने की चतुर्दशियों में चतुर्दशीव्रत पूरा होता है। साथ ही चतुर्दशी व्रत के तीन उपवास हो जाने पर एकादशी व्रत प्रारंभ होता है। जिस एकादशी से व्रत आरंभ किया जाता है, उस दिन भगवान का अभिषेक करते हैं तथा व्रत की भावना भाते हैं। तीन चतुर्दशियों के व्रत के उपरांत एकादशी और चतुर्दशी दोनों व्रत अपनी-अपनी तिथि में साथ-साथ में किये जाते हैं।

तीन एकादशी व्रत हो जाने के पश्चात् अष्टमी व्रत प्रारंभ किया जाता है। जिस दिन अष्टमी व्रत प्रारंभ करते हैं, उस दिन भगवान का अभिषेक समारोहपूर्वक करते हैं। यह सदा स्मरण रखना होगा कि प्रत्येक व्रत के प्रारंभ में अभिषेक 108 कलशों से किया जाता है। तीन अष्टमी व्रत हो जाने के उपरांत पंचमी व्रत प्रारंभ करते हैं, इसके प्रारंभ करने की विधि पूर्ववत् ही है। चतुर्दशी, एकादशी, अष्टमी और पंचमी ये व्रत एक साथ चलते हैं। दो पंचमी व्रतों के हो जाने पर तृतीया व्रत

आरंभ होता है, इस दिन भी वृहद् अभिषेक, पूजन-पाठ आदि धार्मिक कृत्य किये जाते हैं। ये सभी व्रत तीन पक्ष तक अर्थात् तीन तृतीया व्रतों के संपूर्ण होने तक साथ-साथ चलते हैं। तृतीया के दिन ही इन व्रतों की समाप्ति होती है। इस दिन वृहद् अभिषेक समारोहपूर्वक करना चाहिए। उपवास के दिनों में **''ॐ ह्रीं सर्वदुरितविनाशनाय चतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो नमः।'** इस मंत्र का जाप प्रातः, मध्यान्ह और सायंकाल करना चाहिए। सुखचिंतामणि व्रत निश्चित तिथि में ही सम्पन्न किया जाता है। यदि व्रत की तिथि आगे-पीछे के दिनों में होती है तो व्रत आगे-पीछे किया जाता है। यह व्रत चिंतामणिरत्न के समान सभी प्रकार के सुखों को देने वाला है। भावना के दिन चिंतामणि भगवान पार्श्वनाथ की पूजा विशेष रूप से की जाती है तथा **'ॐ ह्रीं सर्वसिद्धिकराय श्री पार्श्वनाथाय नमः'** इस मंत्र का जाप किया जाता है।

रविव्रत की विधि एवं कथा

आदित्यव्रते पार्श्वनाथार्कसंज्ञके आषाढमासे शुक्लपक्षे तत्प्रथमादित्यमारभ्य नवसु अर्कदिनेषु व्रतं कार्यं नववर्षं यावत्। प्रथमवर्षे नवोपवासः, द्वितीयवर्षे नवैकाशनाः, तृतीयवर्षे नवकाञ्जिकाः, चतुर्थवर्षे नवरूक्षाः, पञ्चमवर्षे नवनीरसाः, षष्ठवर्षे नवालवणाः, सप्तमवर्षे नवागोरसाः, अष्टमवर्षे नवोनोदराः, नवमवर्षे अलवणा ऊनोदराः नव। एवमेकाशीतिः कार्याः। व्रतदिने श्रीपार्श्वनाथस्याभिषेकं कार्ये पूजनं च। समाप्तावुद्यापनं च कार्यम्, ये भव्या इदं रविव्रतं विधिपूर्वकं कुर्वन्ति तेषां कण्ठे मुक्तिकामिनी कण्ठरत्नमाला पतिष्यति।

अर्थ—रविव्रत में आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष में प्रथम रविवार पार्श्वनाथ संज्ञक होता है, इससे आरंभ कर नौ रविवार तक व्रत करना चाहिए। यह व्रत नौ वर्ष तक किया जाता है। प्रथम वर्ष में नौ रविवारों को उपवास, द्वितीय वर्ष में नौ रविवारों को एकाशन, तृतीय वर्ष में नव रविवारों को काञ्जी—छाछ या छाछ से बने महेरी आदि पदार्थ लेकर एकाशन, चतुर्थ वर्ष में नव रविवारों को बिना घी का रूक्ष भोजन, पंचम वर्ष में नौ रविवारों को नीरस भोजन, षष्ठ वर्ष में नौ रविवारों को बिना नमक का अलोना भोजन, सप्तम वर्ष में नौ रविवारों को बिना दूध, दही और घृत का भोजन, अष्टम वर्ष में नौ रविवारों को ऊनोदर एवं नवम वर्ष में नौ रविवारों को बिना नमक के नौ ऊनोदर किये जाते हैं। इस प्रकार 81 व्रत-दिन होते हैं। व्रत के दिन श्रीपार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक और पूजन किया जाता है। जो विधिपूर्वक रविव्रत का पालन करते हैं,उनके गले में मोक्षलक्ष्मी के गले का हार पड़ता है। व्रत पूरा होने पर उद्यापन करना चाहिए।

रविव्रत का फल

सुतं वन्ध्या समाप्नोति दरिद्रो लभते धनम्।
मूढः श्रुतमवाप्नोति रोगी मुञ्चति व्याधितः।।

अर्थ—रविवार का व्रत करने से वन्ध्या स्त्री पुत्र प्राप्त करती है, दरिद्री व्यक्ति धन प्राप्त करता है, मूर्ख व्यक्ति शास्त्रज्ञान एवं रोगी व्यक्ति व्याधि से छुटकारा प्राप्त कर लेता है।

कथा—काशी देश की बनारस नगरी का राजा महीपाल अत्यंत प्रजावत्सल और न्यायी था। उसी नगर में मतिसागर नाम का एक सेठ और गुणसुन्दरी नाम की उसकी स्त्री थी। इस सेठ के पूर्व पुण्योदय से उत्तमोत्तम गुणवान तथा रूपवान सात पुत्र उत्पन्न हुए।

उनमें छः का तो विवाह हो गया था, केवल लघु पुत्र गुणधर कुँवारे थे, सो गुणधर किसी दिन वन में क्रीड़ा करते विचर रहे थे तो उनको गुणसागर मुनि के दर्शन हो गये। वहाँ मुनिराज का आगमन सुनकर और भी बहुत लोग वन्दनार्थ वन में आये थे, वह सब स्तुति वंदना करके यथास्थान बैठे। श्री मुनिराज उनको धर्मवृद्धि कहकर अहिंसादि धर्म का उपदेश करने लगे।

जब उपदेश हो चुका तब साहूकार की स्त्री गुणसुन्दरी बोली—स्वामी! मुझे कोई व्रत दीजिए। तब मुनिराज ने उसे पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत का उपदेश दिया और सम्यक्त्व का स्वरूप समझाया और पीछे कहा-बेटी! तू आदित्यवार का व्रत कर, सुन, इस व्रत की विधि इस प्रकार है कि आषाढ़ मास में प्रथम पक्ष में प्रथम रविवार से लेकर नव रविवारों तक यह व्रत करना चाहिए।

प्रत्येक रविवार के दिन उपवास करना या बिना नमक (मीठा) के अलोना भोजन एक बार (एकासना) करना, पार्श्वनाथ भगवान की पूजा अभिषेक करना। घर के सब आरंभ का त्यागकर विषय और कषाय भावों को दूर करना, ब्रह्मचर्य से रहना, रात्रि जागरण-भजनादि करना और 'ॐ ह्रीं अर्हं श्री पार्श्वनाथाय नमः' इस मंत्र की 108 बार जाप करना।

इस प्रकार नव वर्ष तक यह व्रत करके पश्चात् उद्यापन करना। प्रथम वर्ष नव उपवास करना, दूसरे वर्ष नमक बिना भात और पानी पीना, तीसरे वर्ष नमक बिना दाल भात खाना, चौथे वर्ष बिना नमक की खिचड़ी खाना, पांचवे वर्ष बिना नमक की रोटी खाना, छठे वर्ष बिना नमक दही भात खाना, सातवें तथा आठवें वर्ष नमक बिना मूंग की दाल और रोटी खाना और नवमें वर्ष एक बार का परोसा हुआ (एकटाना) नमक बिना भोजन करना, फिर दूसरी बार नहीं लेना और थाली में जूठन भी नहीं छोड़ना।

नवधाभक्ति कर मुनिराज को भोजन कराना और नववर्ष पूर्ण होने पर उद्यापन करना। सो नव-नव उपकरण मंदिरों में चढ़ाना, नव शास्त्र लिखवाना, नव श्रावकों को भोजन कराना, नव-नव फल श्रावकों को बांटना, समवसरण का पाठ पढ़ना, पूजन विधान करना आदि।

इस प्रकार गुणसुंदरी व्रत लेकर घर आई और सब कथा घर के लोगों को कह सुनाई तो घरवालों ने सुनकर इस व्रत की बहुत निंदा की। इसलिए उसी दिन से उस घर में दरिद्रता का वास हो गया। सब लोग भूखों मरने लगे, तब

सेठ के सातों पुत्र सलाह करके परदेश को निकले। सो साकेत (अयोध्या) नगरी में जिनदत्त सेठ के घर जाकर नौकरी करने लगे और सेठ-सेठानी बनारस ही में रहे।

कुछ काल के पश्चात् बनारस में कोई अवधिज्ञानी मुनि पधारे, सो दरिद्रता से पीड़ित सेठ-सेठानी भी वंदना को गये और दीन भाव से पूछने लगे-हे नाथ! क्या कारण है कि हम लोग ऐसे रंक हो गये? तब मुनिराज ने कहा–तुमने मुनिप्रदत्त रविवारव्रत की निंदा की है इससे यह दशा हुई है।

यदि तुम पुनः श्रद्धा सहित इस व्रत को करो तो तुम्हारी खोई हुई सम्पत्ति तुम्हें फिर मिलेगी। सेठ-सेठानी ने मुनि को नमस्कार करके पुनः रविवार व्रत किया और श्रद्धा सहित पालन किया जिससे उनको फिर से धन-धान्यादि की अच्छी प्राप्ति होने लगी।

परन्तु इनके सातों पुत्र साकेतपुरी में कठिन मजदूरी करके पेट पालते थे तब एक दिन लघु भ्राता गुणधर वन में घास काटने को गया था, सो शीघ्रता से गट्ठा बांधकर घर चला आया और हंसिया (दरांत) वहीं भूल आया। घर आकर उसने भावज से भोजन माँगा। तब वह बोली–

लालजी! तुम हंसिया भूल आये हो, सो जल्दी जाकर ले आओ पीछे भोजन करना, अन्यथा हंसिया कोई ले जायेगा तो सब काम अटक जायेगा। बिना द्रव्य नया दांतड़ा कैसे आयेगा? यह सुनकर गुणधर तुरंत ही पुनः वन में गया सो देखा कि हंसिया पर बड़ा भारी साँप लिपट रहा है।

यह देखकर वह बहुत दुःखी हुआ कि दांतड़ा बिना लाए तो भोजन नहीं मिलेगा और दांतड़ा मिलना कठिन हो गया है तब वह विनीत भाव से सर्वज्ञ वीतराग प्रभु की स्तुति करने लगा सो उसके एकाग्रचित्त होकरस्तुति करने के कारण धरणेन्द्र का आसन हिला, उसने समझा कि अमुक स्थानों में पार्श्वनाथ जिनेन्द्र के भक्त को कष्ट हो रहा है।

तब करुणा करके पद्मावती देवी को आज्ञा की कि तुम जाकर प्रभुभक्त गुणधर का दुःख निवारण करो। यह सुनकर पद्मावती देवी तुरंत वहाँ पहुँची और गुणधर से बोली–

हे पुत्र! तुम भय मत करो। यह सोने का दांतड़ा और रत्न का हार तथा रत्नमई पार्श्वनाथ प्रभु का बिंब भी ले जाओ, सो भक्तिभाव से पूजा करना, इससे तुम्हारा दुःख शोक दूर होगा।

गुणधर, देवी द्वारा प्रदत्त द्रव्य और जिनबिंब लेकर घर आया सो प्रथम तो उनके भाई ये देखकर डरे, कि कहीं यह चुराकर तो नहीं लाया है, क्योंकि ऐसा कौन सा पाप है जो भूखा नहीं करता है, परन्तु पीछे गणधर के मुख से सब वृत्तांत सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और भूरि-भूरि प्रशंसा करने लगे।

इस प्रकार दिनों-दिन उनका कष्ट दूर होने लगा और थोड़े ही दिनों में वे बहुत धनी हो गये। पश्चात् उन्होंने एक बड़ा मंदिर बनवाया, प्रतिष्ठा कराई, चतुर्विध संघ को चारों प्रकार का यथायोग्य दान दिया और बड़ी प्रभावना की।

जब यह सब वार्ता राजा ने सुनी, तब उन्होंने गुणधर को बुलाकर सब वृत्तांत पूछा और अत्यन्त प्रसन्न हो अपनी परम सुन्दरी कन्या गुणधर को ब्याह दी तथा बहुत सा दान दहेज दिया। इस प्रकार बहुत वर्षों तक वे सातों भाई राज्यमान्य होकर सानंद वहीं रहे, पश्चात् माता-पिता का स्मरण करके अपने घर आये और माता-पिता से मिले। पश्चात् बहुत काल तक मनुष्योचित सुख भोगकर सन्यासपूर्वक मरणकर यथायोग्य स्वर्गादि गति को प्राप्त हुए और गुणधर उससे तीसरे भव में मोक्ष गये।

इस प्रकार व्रत के प्रभाव से मतिसागर सेठ का दरिद्र दूर हुआ और उत्तमोत्तम सुख भोगकर उत्तम-उत्तम गतियों को प्राप्त हुए। जो और भव्यजीव श्रद्धा सहित बारह वर्ष व्रतपूर्वक इस व्रत का पालन करेंगे,वे उत्तम गति पावेंगे।

यह विधि रविव्रत फल लियो, मतिसागर गुणवान।
दुःख दरिद्र नशो सकल, अन्त लहो निरवान।।

मुकुटसप्तमी व्रत विधि एवं कथा

शीर्षमुकुट सप्तमी व्रत श्रावण सुदी सप्तमी को किया जाता है। इस दिन कन्याएँ या सौभाग्यवती स्त्रियाँ अपने सौभाग्य की वृद्धि के लिए भगवान आदिनाथ पूजन, अभिषेक करती हैं तथा प्रोषधोपवास करती हुई धर्मध्यान से दिन व्यतीत करती हैं। इस व्रत में 'ॐ ह्रीं श्रीवृषभतीर्थंकराय नमः' इस मंत्र का या 'ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथाय नमः' इस मंत्र का जाप किया जाता है। रात को जागरण करना आवश्यक माना गया है? मुकुटसप्तमी व्रत में भगवान आदिनाथ और पार्श्वनाथ के नामों की एक हजार आठ जाप करनी चाहिए। इस व्रत में रात को वृहत्स्वयंभूस्तोत्र, संकटहरण विनती, दुःखहरण विनती, कल्याणमंदिर, भक्तामर आदि स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। अष्टमी के दिन अभिषेक, पूजन और सामायिक के पश्चात् एकाशन करना चाहिए। षष्टी से लेकर अष्टमी तक तीन दिनों का पूर्ण शीलव्रत पालन किया जाता है।

कथा– पंच परमपद प्रणम करि, शारद मात नमाय।
मुकुटसप्तमी व्रत कथा, भाषा कहूँ बनाय।।

जम्बूद्वीप के कुरुजांगल देश में हस्तिनापुर नगर है। वहाँ के राजा विजयसेन की रानी विजयावती से मुकुटशेखरी और विधिशेखरी नाम की दो कन्याएँ थीं। इन दोनों बहनों में परस्पर ऐसी प्रीति थी कि एक दूसरी के बिना क्षण भर भी नहीं रह सकती थी। निदान राजा ने ये दोनों कन्याएँ अयोध्या के राजपुत्र त्रिलोकमणि को ब्याह दी।

एक दिन बुद्धिसागर और सुबुद्धिसागर नाम के दो चारणऋषि आहार के निमित्त नगर में आये। सो राजा ने उन्हें विधिपूर्वक पड़गाहकर आहार दिया और धर्मोपदेश श्रवण करने के अनंतर राजा ने पूछा-हे नाथ! मेरी इन दोनों पुत्रियों में परस्पर इतना विशेष प्रेम होने का कारण क्या है?

तब श्री ऋषिराज बोले–इसी नगर में धनदत्त नामक एक सेठ था, उनके जिनवती नाम की एक कन्या थी और वहीं एक माली की वनमती कन्या भी थी सो इन दोनों कन्याओं ने मुनि के द्वारा धर्मोपदेश सुनकर मुकुटसप्तमी व्रत ग्रहण किया था। एक समय ये दोनों कन्याएँ उद्यान में खेल रही थीं (मनोरंजन कर रही थीं) कि इन्हें सर्प ने काट खाया सो नवकार मंत्र का आराधन करके देवी हुईं और वहाँ से चयकर तुम्हारी पुत्री हुई हैं। सो इनका यह स्नेह भवांतर से चला

आ रहा है। इस प्रकार भवांतर की कथा सुनकर दोनों कन्याओं ने प्रथम श्रावक के पंच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत इस प्रकार बारह व्रत लिए और पुनः मुकुटसप्तमी व्रत धारण किया। सो प्रतिवर्ष श्रावण सुदी सप्तमी को प्रोषध करतीं और 'ॐ ह्रीं श्री वृषभतीर्थंकराय नमः' इस मंत्र का जाप्य करतीं तथा अष्टद्रव्य से श्री जिनालय में जाकर भाव सहित जिनेन्द्र की पूजा करती थीं।

इस प्रकार यह व्रत उन्होंने सात वर्ष तक विधिपूर्वक किया पश्चात् विधिपूर्वक उद्यापन करके सात-सात उपकरण जिनालय में भेंट किये। इस प्रकार उन्होंने व्रत पूर्ण किया और अंत में समाधिमरण करके सोलहवें स्वर्ग में स्त्रीलिंग छेदकर इंद्र और प्रतीन्द्र हुईं। वहाँ पर देवोचित सुख भोगे और धर्मध्यान में विशेष समय बिताया।

पश्चात् वहाँ से चयकर ये दोनों इन्द्र-प्रतीन्द्र मनुष्य होकर कर्म काट कर मोक्ष जावेंगे। इस प्रकार सेठ जी तथा माली की कन्याओं ने व्रत (मुकुटसप्तमी) पालकर स्वर्गों के अपूर्व सुख भोगे। अब वहाँ से चयकर मनुष्य हो मोक्ष जावेंगे। धन्य है! जो और भव्य जीव, भाव सहित यह व्रत धारण करें, तो वे भी इसी प्रकार सुखों को प्राप्त होवेंगे।

श्रेष्ठी अरु माली सुता, मुकुटसप्तमी व्रत धार।
भये इन्द्र प्रतिन्द्र द्वय, अरु हुई हैं भव पार।।

श्री पार्श्वनाथ व्रत

इस व्रत में 108 उपवास या एकाशन करना है। इसमें तिथि का कोई नियम नहीं है। अथवा प्रत्येक रविवार को भी यह व्रत कर सकते हैं।

व्रत के दिन भगवान पार्श्वनाथ की पूजा करके प्रथम समुच्चय जाप्य करना पुनः एक-एक मंत्र की जाप्य करना। 108 व्रतों में क्रम से एक-एक जाप्य करना है। यह मंत्र सर्व मनोरथों को सफल करने वाला है। धन की वृद्धि, पुत्र की प्राप्ति आदि जिस भावना को लेकर यह व्रत किया जावेगा, वही भावना पूर्ण होगी।

समुच्चय जाप्य–

1. ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं धरणेन्द्रपद्मावतीसेवित-चरणकमलाय श्रीपार्श्वनाथजिनेंद्राय नमः।

अथवा

2. ॐ ह्रीं अर्हं धरणेन्द्रपद्मावतीसहिताय श्री पार्श्वनाथाय नमः।

अथवा

3. ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।

ॐ ह्रीं अर्हं अन्तरंगानन्तचतुष्टय-बहिरंगाष्टमहा-प्रातिहार्यलक्ष्मीसमन्विताय 'श्रीमान्' इति नाम विभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं अन्तरङ्ग-बहिरंगपरिग्रहविरहितदिगम्बर-मुद्रांकितमुनिगणस्वामिने 'निर्ग्रन्थराट्' नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं स्वज्ञादिगुणस्वरूपधनयुक्ताय 'स्वामी' इति गुणविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं द्वादशसभारूपगणाधिपतये 'गणेश' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वजगत्स्वामिने 'विश्वनायक' नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं स्वयंस्वपुरुषार्थेन अर्हत्पदप्राप्ताय 'स्वयंभू' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं वृषनामधर्मेण शोभिताय 'वृषभ' गुणविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं हितोपदेशेन समस्तजीवपोषणाय अनन्तगुण-धारकाय 'भर्ता' इति गुणविशिष्टाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं समस्तपदार्थस्वस्मिन् प्रतिबिंबीकरणाय 'विश्वात्मा' इति नाम-विभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं पुनर्जन्मरहिताय 'अपुनर्भव' गुणविशिष्टाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वपदार्थावलोकिने 'सर्वदर्शी' इति गुणविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हं त्रिभुवनस्वामिने 'जगन्नाथ' गुणविशिष्टाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्रनाय नमः।।12।।

ॐ ह्रीं अर्हं धर्मस्वरूपात्मने 'धर्मात्मा' इति नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।13।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वजनहितकारिणे 'धर्मबान्धव' नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।14।।

ॐ ह्रीं अर्हं धर्मप्राणस्वरूपाय 'धर्ममूर्ति' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।15।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वोत्कृष्टधर्मकारकाय 'महाधर्मकर्ता' इति नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।16।।

ॐ ह्रीं अर्हं परमधर्मदात्रे 'धर्मप्रद' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।17।।

ॐ ह्रीं अर्हं विशिष्टैश्वर्यसहिताय 'विभु' गुणविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।18।।

ॐ ह्रीं अर्हं स्पर्शरसगंधवर्ण स्वरूपमूर्तगुणविरहिताय 'अमूर्त' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।19।।

ॐ ह्रीं अर्हं परमोत्कृष्टपुण्यस्वरूपाय 'अत्यन्त पुण्यात्मा' इति नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।20।।

ॐ ह्रीं अर्हं अन्तविरहिताय 'अनन्त' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।21।।

ॐ ह्रीं अर्हं अनन्तवीर्यसहिताय 'अनन्तशक्तिमान्' इति नामधेयाय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः।।22।।

ॐ ह्रीं अर्हं भव्यजनशरणदानकुशलाय 'शरण्य' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः।।23।।

ॐ ह्रीं अर्हं अखिललोकहितंकरस्वामिने 'विश्वलोकेश' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।24।।

ॐ ह्रीं अर्हं परमकारुणिकगुणान्विताय 'दयामूर्ति' गुणविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।25।।

ॐ ह्रीं अर्हं महत्पदप्रदानसमर्थमहाव्रतसहिताय 'महाव्रती' इति गुणविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।26।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वश्रेष्ठप्रशस्तवचनसहिताय 'वाग्मी' इति नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।27।।

ॐ ह्रीं अर्हं समवसरणसभायां चतुर्दिग्मुखप्रदर्शिताय 'चतुर्मुख' नामप्रसिद्धाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।28।।

ॐ ह्रीं अर्हं स्वकीयगुणवृद्धिंकराय 'ब्रह्मा' इति नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।29।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वकर्मविप्रमुक्ताय 'निष्कर्मा' इति नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।30।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वप्रकारेण पञ्चेन्द्रियमनोविजयिने 'निर्जितेन्द्रिय' गुणसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।31।।

ॐ ह्रीं अर्हं कामदेवमल्लविजयिने 'मारजित्' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।32।।

ॐ ह्रीं अर्हं अनन्तसंसारमूलकारणमिथ्यात्वविजयिने 'जितमिथ्यात्व' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।33।।

ॐ ह्रीं अर्हं घातिकर्मविघातकाय 'कर्मघ्न' नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।34।।

ॐ ह्रीं अर्हं मृत्युमहामल्लस्यान्तकरणकुशलाय 'यमान्तक' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।35।।

ॐ ह्रीं अर्हं दिग्वस्त्रधारकनिर्विकारनग्नमुद्रांकिताय 'दिगम्बर' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।36।।

ॐ ह्रीं अर्हं ज्ञानेन त्रिभुवनज्ञायकगुणान्विताय 'जगद्व्यापी' इति नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।37।।

ॐ ह्रीं अर्हं अखिलभव्यजनहितकारिणे 'भव्यबंधु' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।38।।

ॐ ह्रीं अर्हं त्रैलोक्यगौरवपदप्राप्ताय 'जगद्गुरु' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।39।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वजनमनोरथपूर्णकरणनिपुणाय 'कामद' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।40।।

ॐ ह्रीं अर्हं जगज्जयिमदनरिपुमर्दकाय 'कामहंता' इति गुणविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।41।।

ॐ ह्रीं अर्हं त्रिभुवनजनातिप्रियसौंदर्यप्राप्ताय 'सुन्दर' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।42।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वजनताल्हादनकराय 'आनन्ददायक' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।43।।

ॐ ह्रीं अर्हं कर्मशत्रुविजयिनामपि वर्याय 'जिनेन्द्र' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।44।।

ॐ ह्रीं अर्हं अनन्तानुबंध्यादिकर्मविजयिस्वामिने 'जिनराट्' नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।45।।

ॐ ह्रीं अर्हं संपूर्णकेवलज्ञानापेक्षया सर्वत्र विश्वव्यापकाय 'विष्णु' नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।46।।

ॐ ह्रीं अर्हं त्रैलोक्यपूज्यपरमपदे स्थिताय 'परमेष्ठी' इति नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।47।।

ॐ ह्रीं अर्हं अनादिकालाद् ज्ञानस्वभावाय 'पुरातन' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।48।।

ॐ ह्रीं अर्हं ज्ञानैकज्योतिर्मयाय 'ज्ञानज्योतिः' नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।49।।

ॐ ह्रीं अर्हं परमपावनस्वभावाय 'पूतात्मा' इति नामविशिष्टाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।50।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वजगत्प्रसिद्धहरिहरादिष्वपि श्रेष्ठाय 'महान्' इति नामविशिष्टाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।51।।

ॐ ह्रीं अर्हं संसारिजन-इन्द्रियैरग्राह्याय 'सूक्ष्म' गुणविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।52।।

ॐ ह्रीं अर्हं त्रिजगत्स्वामिने 'जगत्पति' नाम विभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।53।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वोदयीपरम-अहिंसामयी धर्मचक्रप्रवर्तकाय 'धर्मचक्रि' गुण-विभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।54।।

ॐ ह्रीं अर्हं अत्यन्तशान्तस्वभावपरिणताय 'प्रशान्तात्मा' इति गुणसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।55।।

ॐ ह्रीं अर्हं कर्माञ्जनलेपविरहिताय 'निर्लेप' गुणसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः।।56।।

ॐ ह्रीं अर्हं द्रव्यस्वभावापेक्षया कल–शरीरविरहिताय 'निष्कल' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।57।।

ॐ ह्रीं अर्हं मृत्युमहामल्लविजयिने 'अमर' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।58।।

ॐ ह्रीं अर्हं शुद्धबुद्धस्वभाव-स्वात्मोपलब्धिस्वरूपाय 'सिद्ध' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।59।।

ॐ ह्रीं अर्हं परिपूर्णकेवलज्ञानयुक्ताय 'बुद्ध' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।60।।

ॐ ह्रीं अर्हं जगत्ख्यातिप्राप्तात्मने 'प्रसिद्धात्मा' इति गुणविशिष्टाय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः।।61।।

ॐ ह्रीं अर्हं अन्तरंग-बहिरंगविभूतिधारकत्रिजगत्पूज्याय 'श्रीपति' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।62।।

ॐ ह्रीं अर्हं प्रसिद्धपुरुषाणामपि श्रेष्ठपदप्राप्ताय 'पुरुषोत्तम' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।63।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वभाषामयीदिव्यध्वनिस्वामिने 'दिव्यभाषापति' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।64।।

ॐ ह्रीं अर्हं स्वयंप्रकाशपुञ्जसुंदराय 'दिव्य' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।65।।

ॐ ह्रीं अर्हं स्वकीयशुद्धबुद्धनित्यनिरंजनस्वभावात् च्यवनविरहिताय 'अच्युत' नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।66।।

ॐ ह्रीं अर्हं दिव्यैश्वर्यसमन्वितशतेन्द्रनम्रीभूतकरणसमर्थ-परमैश्वर्यविभूषिताय 'परमेश्वर' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।67।।

ॐ ह्रीं अर्हं अन्तरंगबहिरंगतपश्चरणबलेन तपनशीलात्म-स्वभावाय 'महातपा' इति नामसहिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।68।।

ॐ ह्रीं अर्हं कोटिसूर्यचन्द्रातिशायिप्रकाशसहिताय 'महातेजा' इति नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।69।।

ॐ ह्रीं अर्हं अन्तिमशुक्लध्यानपरिणतस्वभावाय 'महाध्यानी' इति गुणसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।70।।

ॐ ह्रीं अर्हं द्रव्यकर्मभावकर्मनोकर्मरूपाञ्जनविरहिताय 'निरञ्जन' नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।71।।

ॐ ह्रीं अर्हं अहिंसामयीपरमधर्माम्नायकर्त्रे 'तीर्थकर्ता' इति नामविशिष्टाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।72।।

ॐ ह्रीं अर्हं हेयोपादेयविचारविज्ञाय 'विचारज्ञ' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।73।।

ॐ ह्रीं अर्हं स्वपरभेदविज्ञानबलेन सर्वोत्तमज्ञानप्राप्ताय 'विवेकी' इति नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।74।।

ॐ ह्रीं अर्हं अष्टादशसहस्रशीलगुणविभूषिताय 'शीलभूषण' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।75।।

ॐ ह्रीं अर्हं अपरिमितमाहात्म्यसमन्विताय 'अनन्तमहिमा' इति नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।76।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वभव्यजीवहितकरणसमर्थाय 'दक्ष' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय नमः।।77।।

ॐ ह्रीं अर्हं शरीरालंकरणकारणनानाभूषणविरहिताय 'निर्भूष' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।78।।

ॐ ह्रीं अर्हं शत्रुनिवारणहेतुनानाविधायुध-शस्त्रविरहिताय 'विगतायुध' नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।79।।

ॐ ह्रीं अर्हं लोकालोकज्ञायकाय 'सर्वज्ञ' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।80।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वचराचरजगदवलोकनकराय 'सर्वदृक्' नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः।।81।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वजनहितैषिणे 'सार्व' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।82।।

ॐ ह्रीं अर्हं अत्यन्तसौम्यस्वभावाय 'सुसौम्यात्मा' इति नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।83।।

ॐ ह्रीं अर्हं कर्मशत्रुविजयिजिनानां मुख्याय 'जिनाग्रणी' इति नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।84।।

ॐ ह्रीं अर्हं अपराजितादिचतुरशीतिलक्षमंत्रस्वरूपाय 'मंत्रमूर्ति' नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।85।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वदेवेषु श्रेष्ठमहापूजाप्राप्ताय 'महादेव' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेंद्राय नमः।।86।।

ॐ ह्रीं अर्हं चतुर्णिकायदेवानामुपरि श्रेष्ठपरमोत्तमदेव-पदप्राप्ताय 'देवदेव' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।87।।

ॐ ह्रीं अर्हं अत्यन्तस्वच्छपवित्रहृदयाय 'अतिनिर्मल' नामप्राप्ताय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः।।88।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वकार्यपूर्णीकृताय 'कृतकृत्य' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।89।।

ॐ ह्रीं अर्हं अष्टादशमहादोषविरहिताय 'अतिनिर्दोष' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।90।।

ॐ ह्रीं अर्हं जगत्पालकस्वरूपाय 'परंब्रह्मा' इति नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।91।।

ॐ ह्रीं अर्हं अतिशयगुणधारकाय 'महागुणी' इति नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।92।।

ॐ ह्रीं अर्हं दिव्य-परमौदारिकदेहसमन्विताय 'दिव्यदेह' विभूषिताय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः।।93।।

ॐ ह्रीं अर्हं अतिशयसौंदर्यगुणसमन्विताय 'महारूप' नामधारकाय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः।।94।।

ॐ ह्रीं अर्हं स्वभावदृष्ट्या विनाशविरहिताय 'नित्य' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।95।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वशक्तिमद्मृत्युमल्लविजयिने 'मृत्युंजय' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।96।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वकार्यकरणसमर्थाय 'कृती' इति नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः।।97।।

ॐ ह्रीं अर्हं मोक्षपदप्रापणकारणसर्वयम-नियमसमन्विताय 'यमी' इति नाम-विभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।98।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रेण्यारोहणसमर्थयतीनामीश्वराय 'यतीश्वर' नामविशिष्टाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।99।।

ॐ ह्रीं अर्हं षट्कर्मरूपजगत्सृष्टि-उपदेशकाय 'स्रष्टा' इति नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।100।।

ॐ ह्रीं अर्हं त्रिभुवनभव्यजनस्तुतियोग्याय 'स्तुत्य' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः।।101।।

ॐ ह्रीं अर्हं अन्तरंगकर्ममलबहिरंगशरीरादि-मलविरहितपवित्राय 'पूत' नाम-विशिष्टाय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।102।।

ॐ ह्रीं अर्हं चतुर्विधदेवगणशतेन्द्रपूजिताय 'अमरार्चित' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।103।।

ॐ ह्रीं अर्हं समस्तविद्यानां स्वामिने 'विद्येश' नामसमन्विताय श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः।।104।।

ॐ ह्रीं अर्हं मनोवचनकाययोगनिमित्तात्मप्रदेश-परिष्पंदनक्रियाविरहिताय 'निष्क्रिय' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।105।।

ॐ ह्रीं अर्हं दशलक्षण-रत्नत्रय-दयामय-वस्तुस्वभावरूपधर्म-समन्विताय 'धर्मी' इति नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।106।।

ॐ ह्रीं अर्हं सद्योजातबालकवन्निर्विकाररूपधारकाय 'जातरूप' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।107।।

ॐ ह्रीं अर्हं मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलज्ञानिनां सयोग्ययोगिकेवलिनामपि-श्रेष्ठतमाय भव्यभाक्तिकजनानां ईप्सितकेवलज्ञान-लक्ष्मीप्रदानकुशलाय 'विदांवर' नामविभूषिताय श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय नमः।।108।।